दैनिक

# बुलन्द मंज़िल

PRGI NO. - UPBIL/25/A4797

Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...

वर्ष : 01 | अंक : 114 | संभल, सोमवार 06 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रू.



पेज :- 03- भारत नर्सिंग होम पर जड़ा ताला, ओटी भी सील—...
पेज :- 04- डिवाइन फेथ फैलोशिप ग्लोबल मैथोडिस्ट चर्च में ...

# राहुल बोले- असम सीएम भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री


## नफरत फैलाते हैं, माफी मांगें तो भी बख्शे नहीं जाएंगे; मोदी बंगाल में प्रचार शुरू करेंगे

**नई दिल्ली:** राहुल गांधी बिश्वनाथ चारियाली में चुनावी रैली की। उन्होंने कहा- असम के हिमंत भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं, वे सिर्फ नफरत फैलाते हैं। कांग्रेस के सत्ता में आने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हिमंत को माफी मांगने पर भी नहीं बख्शा जाएगा। राहुल ने कहा- वे इस तरह इसलिए बात करते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि कांग्रेस के 'बब्बर शेर' उन्हें जेल में डालने वाले हैं। तब उन्हें असम की जनता और कांग्रेस नेताओं से माफी मांगनी पड़ेगी। कांग्रेस की विचारधारा जुबीन गर्ग जैसी है, जिन्होंने असम के लोगों को एकजुट करने का काम किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा। मोदी ने कहा- 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था, जिसके बाद हिंदुओं का नरसंहार हुआ था। टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। एक खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे।

आखिरी बार 14 मार्च को राज्य का दौरा किया था, जहां उन्होंने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक रैली को संबोधित किया था और लगभग 18,680 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था।

### राहुल की स्पीच की...



- डोनाल्ड ट्रम्प नरेंद्र मोदी को कंट्रोल करते हैं और नरेंद्र मोदी और अमित शाह आपके मुख्यमंत्री को कंट्रोल करते हैं, असम दिल्ली से चलता है। हिमंता ने भ्रष्टाचार में अपने परिवार को शामिल करके एक बड़ी गलती भी की है, अब उनके परिवार पर भी आरोप लगेंगे।
- हम साफ तौर पर कह रहे हैं कि हम असम के 6 समुदायों को एससी/एसटी का दर्जा देंगे। हमने अपने घोषणापत्र में यह भी जिक्र किया है कि हम चाय बागान के मजदूरों को हर दिन 450 रुपए देंगे।
- जैसे ही हम असम में सरकार बनाएंगे, हम असम के लिए लिए गए छह फ़ैसलों को लागू करेंगे। हर महिला के बैंक खाते में बिना किसी शर्त के हर महीने नकद राशि भेजी जाएगी।
- जो लोग अपना कारोबार शुरू करना चाहते हैं, उन्हें 50 हजार दिए जाएंगे। 100 दिनों के भीतर, जुबीन गर्ग मामले के आरोपियों को सजा देंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**पीएम मोदी की कूचबिहार में रैली:** पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में कहा कि कुछ दिन पहले कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड से मैंने बंगाल में परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की थी। तबसे पूरा टीएमसी सिंडिकेट घबराया हुआ है। आज मैं देख रहा हूं कि ब्रिगेड ग्राउंड में जो बिगुल बजा, कूच बिहार ने उस पर मुहर लगा दी है।

## केरल: अमित शाह बोले- यह सिर्फ सरकार बदलने का नहीं

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के एर्नाकुलम में रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केरल का यह चुनाव राज्य के भविष्य से जुड़ा है। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव केवल एलडीएफ सरकार को हटाकर एनडीए को लाने का नहीं, बल्कि केरल के भविष्य को तय करने का है। केरल देश का पहला पूर्ण साक्षर राज्य रहा है, यहां के युवा शिक्षित और सक्षम हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि एनडीए ऐसी व्यवस्था बनाना चाहती है, जिससे केरल के युवाओं को यहीं रोजगार मिले और उन्हें खाड़ी देशों में जाने की जरूरत न पड़े। दुनिया भर में कम्युनिस्ट विचारधारा कमजोर हो रही है। देश में कांग्रेस भी सिमट रही है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 लोकसभा चुनाव में केरल से एनडीए को 14% वोट मिले थे और अब समय आ गया है कि राज्य में एनडीए की सरकार बनाई जाए।

### बंगाल: कूचबिहार में मोदी की रैली में बिहार से पहुंचे समर्थक

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली से पहले एक समर्थक ने कहा कि वह बिहार के बेगूसराय से आया है। हनुमान के वेश में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जनता के लिए उसी तरह काम कर रहे हैं जैसे भगवान श्रीराम करते थे, इसलिए वह हनुमान के रूप में आया है। उसने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार बनने पर विकास तेज होगा।

### सर्बानंद सोनोवाल बोले- कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और कुप्रशासन के आरोप

असम में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय तक भ्रष्टाचार और कुप्रशासन से जुड़ी रही है। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में असम के साथ विश्वासघात किया, जिससे शासन व्यवस्था प्रभावित हुई और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकी। सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के कदमों से लोग संतुष्ट हैं। उन पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी या प्रियंका गांधी के आने से फर्क नहीं पड़ेगा और असम भाजपा के साथ है।

### नंदीग्राम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी का दौरा

पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने कहा कि वे उन गांवों का दौरा कर रहे हैं, जहां पहले हिंसा हुई थी और आगे भी हर जिले में जाकर लोगों से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित किए जाएंगे और कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। लोगों से बिना डर और बिना किसी दबाव के मतदान करने की अपील की गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों पर कार्रवाई होगी और निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण चुनाव कराए जाएंगे, जहां हर व्यक्ति बिना डर और भेदभाव के वोट डाल सके।


### राघव चड्ढा बोले

## ये तो ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी है



**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी से चल रही तकरार के बीच राघव चड्ढा ने नया पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा है- मेरे उन सहयोगियों के लिए जो मजबूर होकर वीडियो जारी कर रहे हैं और कह रहे हैं कि राघव चड्ढा संसद में पंजाब के मुद्दे उठाने में असफल रहे। उनके लिए एक छोटी झलक। कहानी अभी बाकी है।

चड्ढा ने आगे लिखा- पंजाब मेरे लिए सिर्फ एक विषय नहीं है। यह मेरा घर है, मेरा कर्तव्य है, मेरी मिट्टी है, मेरी आत्मा है। राघव ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें उन्होंने पार्लियामेंट में अपनी स्पीच दिखाई हैं। इनमें चड्ढा को पंजाब के मुद्दे उठाते सुना जा सकता है। वहीं, आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने दावा किया है कि राघव चड्ढा ने पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की आलोचना वाले अपने सभी पुराने पोस्ट डिलीट कर दिए हैं। सौरभ ने सोशल मीडिया पर लिखा-




**कुमार विश्वास का वीडियो वायरल**

इधर, मशहूर कवि कुमार विश्वास का डेढ़ साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह कह रहे हैं कि आम आदमी पार्टी का अगला शिकार राघव चड्ढा होंगे। उसने हीरोइन से शादी कर ली और रील दिखने लगी है। कुमार विश्वास आम आदमी पार्टी के फाउंडर मेंबर्स में से एक हैं। दिल्ली में सरकार बनने के बाद उनका अरविंद केजरीवाल और उनकी टीम से मनमुटाव हो गया, जिसके बाद उन्होंने आम आदमी पार्टी छोड़ दी थी।

# भगवंत मान ने बठिंडा का पूरा थाना बदला



**बठिंडा:** पंजाब के भगवंत मान ने बठिंडा के सदर पुलिस स्टेशन के सभी कर्मचारियों का तबादला कर दिया। यह एक्शन नशे के कारण हो रही मौतों की शिकायत पर कार्रवाई न होने पर लिया गया। यह शिकायत गुलाबगढ़ गांव के सरपंच ने मुख्यमंत्री को दी थी।

मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को बठिंडा के बलवंत गार्गी ऑडिटोरियम में कार्यकर्ताओं, नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान कई पंचों, सरपंचों और आम लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं। इस दौरान गांव गुलाबगढ़ के सरपंच लाखा सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके गांव और पड़ोसी गांवों में नशीले पदार्थों के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि संबंधित सदर पुलिस स्टेशन को लगातार इसकी जानकारी दी गई। लेकिन बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।

बोलो- सभी कर्मचारियों को पठानकोट भेजो, शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने सदर पुलिस स्टेशन के सभी कर्मचारियों को बठिंडा से हटाकर पठानकोट भेजने और नए कर्मचारियों की तैनाती का आदेश दिया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद डीआईजी बठिंडा रेंज हरजीत सिंह को इस मामले में कार्रवाई का जिम्मा सौंपा गया। डीआईजी हरजीत सिंह ने फोन पर बताया कि सदर पुलिस स्टेशन के सभी कर्मचारियों का तबादला मानसा कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अब नए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी और इस मामले में जांच भी कराई जाएगी कि आखिर समय पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

### पीआरटीसी के बेड़े में 100 नई बसें शामिल होंगी

**चंडीगढ़:** पंजाब सरकार अपने सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को आधुनिक बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। 6 अप्रैल को पीआरटीसी के बेड़े में 100 नई बसें शामिल होंगी, जिन्हें मुख्यमंत्री भगवंत मान हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। वित्त और परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल बेहतर कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि यात्रियों के आराम और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देना भी है। मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आगे बताया कि सरकार कुल 100 मिडी और 309 साधारण बसों के लिए लगभग 125 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इसके अलावा, किलोमीटर स्कीम के तहत 254 अतिरिक्त साधारण बसें चलाई जाएंगी। पनबस के बेड़े में अब कुल 606 बसें शामिल होंगी, जिसमें 387 नई बसें सीधे बेड़े में जोड़ी जाएंगी। इसी योजना के तहत 19 वोल्वो बसें, 100 एचवीएसी बसें और 100 साधारण बसें भी शामिल होंगी। पंजाब सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। चूंकि राज्य के शहरों और चंडीगढ़ में मेट्रो का विस्तार अभी तक नहीं हुआ है, इसलिए बस नेटवर्क पर निर्भरता अधिक है।

# बुर्के वाली लुटेरी महिला के ससुर बोले-बहू से रिश्ता खत्म





**अयोध्या:** 'हमें बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि बहू ऐसा कर सकती है। उसने हमारा सिर झुका दिया। अब उससे कोई रिश्ता नहीं रहा, हम उसे घर नहीं लाएंगे।'

ये कहना है अयोध्या में ज्वेलरी शॉप में बुर्का पहनकर लूट करने वाली महिला पायल (25) के ससुर हरिराम का। वह पंजाब में रहकर काम करते हैं। बहू के बारे में पूछे जाने पर नाराजगी जताई। कहा- बेटे के काम पर जाने के बाद पायल बिना बताए घर से बाहर निकल जाती थी। घंटों गायब रहती थी।

पूछने पर वह उल्टा बहस करने लगती थी। वह लंबे समय तक फोन पर बात करती रहती थी, लेकिन किससे बात करती थी, यह स्पष्ट नहीं है। एक साल पहले हुई थी शादी, कम ही रही साथ।

वारदात के बाद कोटिया स्थित सुब्बा गांव घर पर ताला लगा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य पंजाब में रहते हैं। मजदूरी और सिलाई का काम करते हैं। गांव में किसी को भी इस वारदात की भनक नहीं थी। ससुर पेशे से राजगीर हैं। ग्रामीणों से हमें पायल के ससुर हरिराम का नंबर मिला। फोन पर बातचीत में हरिराम ने बताया- बेटे दीपू के साथ पायल की शादी पिछले साल अप्रैल में हुई थी। दीपू अपने बड़े भाई के साथ पंजाब के मोगा में सिलाई का काम करता है। शादी के बाद पायल बहुत कम समय करीब 3 महीने ही ससुराल में रह पाई।

# ईरान बोला- दो अमेरिकी हेलिकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान गिराए

**नई दिल्ली:** ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 2 हेलिकॉप्टर और 2 ट्रांसपोर्ट विमान मार गिराए। इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुताबिक यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई, जब अमेरिकी सेना अपने पायलट को रेस्क्यू करने की कोशिश कर रही थी। का कहना है कि इस ऑपरेशन के दौरान उसने 2 सी-130 ट्रांसपोर्ट विमान और 2 ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर को तबाह कर दिया, जिससे अमेरिकी रेस्क्यू मिशन नाकाम हो गया। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन सफल रहा और पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान से एक बचाए गए अमेरिकी एयरमैन और कमांडो को निकालने वाले दो ट्रांसपोर्ट विमान वहीं फंस गए थे। इसके बाद अमेरिका को तीन नए विमान भेजने पड़े। रिपोर्ट के मुताबिक, बाद में अमेरिकी सेना ने उन फंसे हुए ट्रांसपोर्ट विमानों को उड़ा दिया, ताकि उनकी तकनीक ईरान के हाथ न लगें।



**ईरान ने ट्रम्प का 48 घंटे का अल्टीमेटम ठुकराया:** ईरान ने ट्रम्प के 48 घंटे में होर्मुज खोलने के अल्टीमेटम को ठुकरा दिया है। ईरानी सेना ने कहा है कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है। ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज खोलने या समझौता करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि समय खत्म हो रहा है और ऐसा नहीं होने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर ओमान और ईरान के बीच बातचीत हुई है। दोनों देशों ने इस समुद्री मार्ग से जहाजों की आवाजाही और नियंत्रण के संभावित विकल्पों पर चर्चा की।

ओमान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में विशेषज्ञों और अधिकारियों ने कई प्रस्ताव रखे, जिन पर आगे विचार किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट की जियोलोकेशन इस बातचीत की मुख्य वजह है। इसका उत्तरी हिस्सा ईरान के नियंत्रण में है, जबकि दक्षिणी हिस्सा ओमान के पास है। ऐसे में इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षा और आवाजाही में दोनों देशों की भूमिका अहम है।

# पाकिस्तान की भारत को धमकी-अगला संघर्ष सीमा तक नहीं रहेगा

**नई दिल्ली:** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है।

ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारत अपने लोगों या हिरासत में बंद पाकिस्तानियों का इस्तेमाल करके झूठा ड्रामा रचने की योजना बना रहा है। पिछले साल की तरह इस बार भारत को और ज्यादा शर्मिंदगी का सामना करना पड़ेगा।

आसिफ ने आगे ये भी कहा कि शवों को कहीं रखकर पाकिस्तान पर आतंकवाद का आरोप लगाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने (भारत ने) इस दावे के लिए कोई सबूत नहीं दिया।

**भारतीय रक्षा मंत्री बोले थे- पाकिस्तान ने गंदा खेल खेला तो जवाब देंगे:** ख्वाजा आसिफ के इस बयान पर भारत की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरलम में एक कार्यक्रम में पाकिस्तान को साफ चेतावनी दी थी।

उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान फिर कोई गलत कदम उठाएगा तो भारतीय सेना निर्णायक जवाब देगी। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और अगर पाकिस्तान ने दोबारा गंदा खेल खेला तो भारतीय सैनिक ऐसा जवाब देंगे जो वे कभी नहीं भूलेंगे।

**भारत पर प्रॉक्सी वॉर चलाने का आरोप लगा चुके ख्वाजा आसिफ:** ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में कहा था कि भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार मिलकर



पाकिस्तान के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हमलों को लेकर नई दिल्ली और काबुल की सोच एक जैसी है।

आसिफ ने कहा जरूरत पड़ी तो पाकिस्तान अफगानिस्तान में दोबारा कार्रवाई कर सकता है। अगर अफगानिस्तान की ओर से शांति की कोई ठोस गारंटी नहीं मिलती है, तो पाकिस्तान वहां नए हमले करने से पीछे नहीं हटेगा। आसिफ ने यह भी कहा कि भारत के साथ युद्ध की संभावना अभी भी खत्म नहीं हुई है।

पूर्व पाक उच्चायुक्त मुंबई और दिल्ली पर हमले की बात कह चुके इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित ने भी विवादास्पद बयान दिया था। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका पाकिस्तान पर हमला कर दे तो पाकिस्तान को बिना एक पल सोचे मुंबई और नई दिल्ली पर हमला कर देना चाहिए। बासित ने कहा, "अगर अमेरिका पाकिस्तान पर हमला करता है तो हम अमेरिका तक नहीं पहुंच सकते क्योंकि वह हमारे न्यूक्लियर रेंज में नहीं है। ऐसे में हमारा क्या विकल्प होगा? भारत, बाद में जो होगा देख लेंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि यह सबसे खराब स्थिति है, जो संभव नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान पर कोई खतरा मंडराए तो भारत पर हमला करना पाकिस्तान के पास विकल्प होगा।

**पहलगाम हमले से बढ़ा तनाव:** 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई में आर्टिलरी, ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल किया। दोनों देशों के बीच चार दिन तक तनाव रहा, जिसके बाद 10 मई 2025 को सीजफायर हुआ।

**ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए थे:** भारत ने 7 मई को रात डेढ़ बजे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के 9 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने कहा था कि इस स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। पाकिस्तान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, भारत ने कोटली, बहावलपुर, मुरीदके, बाग और मुजफ्फराबाद में अटैक किया था। इसमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हेडक्वॉर्टर और जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर का ठिकाना भी शामिल था।

# चुनावी रेवड़ियों से राज्यों का कर्ज बढ़ रहा




**नई दिल्ली:** चुनाव में फ्री राशन, महिलाओं को नकदी जैसी 'मुफ्त की रेवड़ियों' वाली योजनाएं राज्यों के लिए बड़ा बोझ बन रही हैं। हालत यह है कि इनको पूरा करने के लिए राज्य न पर्याप्त संसाधन जुटा पा रहे हैं और न संतुलित बजट बना पा रहे हैं।

कुछ राज्यों में तो इन घोषणाओं का बोझ कुल राजस्व प्राप्तियों के 30 से 40% तक पहुंच गया है। हिमाचल जैसे छोटे राज्य में नकदी संकट की विकट स्थिति है। राज्य में सीएम, मंत्री, विधायकों समेत अफसरों के वेतन-पेंशन टालने पड़े। तेलंगाना को चुनावी घोषणाओं के लिए हर साल 1 लाख करोड़ चाहिए, पर बजट की कमी से कई योजनाएं अटकी हैं। मप्र में लाड़ली बहना योजना के चलते जीएसडीपी के मुकाबले कर्ज 27% से बढ़कर 32% पहुंच गया।

महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना के दबाव के कारण त्योहारों में मिलने वाली राशन किट योजना बंद कर दी गई है।

CMYK

संपादकीय

## ऊर्जा आत्मनिर्भरता ही विकास का आधार

आत्मनिर्भरता केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वायत्तता और आर्थिक मजबूती की आधारशिला है। आज यह आवश्यकता सबसे अधिक ऊर्जा क्षेत्र में महसूस की जा रही है, जहां भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता होने के बावजूद भारी आयात पर निर्भर है। आज भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 से 88% कच्चा तेल और करीब 50% प्राकृतिक गैस आयात पर निर्भर है। घरेलू उत्पादन की स्थिति उत्साहजनक नहीं है। कच्चे तेल का उत्पादन कुल मांग का मात्र 13 से 15%, यानी लगभग 30 मिलियन मीट्रिक टन है, जबकि खपत 240 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक है। इसी तरह प्राकृतिक गैस का उत्पादन 34 से 36 बिलियन क्यूबिक मीटर के आसपास है, जिससे शेष आपूर्ति के लिए एलएनजी और क्रूड आयात करना पड़ता है। इसका सीधा असर देश के बजट पर पड़ता है, जहां बड़ी राशि ऊर्जा आयात में खर्च हो जाती है। यदि घरेलू उत्पादन में वृद्धि होती है, तो यह खर्च बचाकर बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश किया जा सकता है। यही कारण है कि सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में सुधार के लिए ओएएलपी (खुली भूमि लाइसेंसिंग नीति) और हेल्प (हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति) जैसी दीर्घकालिक नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य नई खोजों को बढ़ावा देना और उत्पादन को तेज करना है। साथ ही, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों (जैसे सौर, पवन और हरित हाइड्रोजन) पर भी जोर दिया जा रहा है। इस प्रकार 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य में ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। युद्ध और वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के चलते आपूर्ति संकट के बावजूद, भारत ने रूस और मध्य-पूर्व के यूएई, साउदी अरब सहित 30 से अधिक देशों से संतुलित आयात के जरिए अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया है। यह देश की मजबूत कूटनीति का प्रमाण है। स्पष्ट है कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लाभ का विषय नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की स्थिरता और वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में निर्णायक कदम सिद्ध होगा।

## पश्चिम एशिया में अस्थिरता की आहट

पश्चिम एशिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य आज एक ऐसे मोड़ पर है, जहां तनाव की रेखाएं केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वे पूरे क्षेत्र की स्थिरता को चुनौती देने लगी हैं। ईरान-इजराइल के बीच गहराता टकराव अब पारंपरिक द्विपक्षीय विवाद का दायरा पार कर चुका है। यह संघर्ष धीरे-धीरे एक व्यापक क्षेत्रीय संकट का रूप लेता दिख रहा है, जिसकी गूंज दूरदराज के देशों तक सुनाई दे रही है। इस बढ़ते तनाव ने आसपास के राष्ट्रों के भीतर असुरक्षा की भावना को जन्म दिया है। विशेष रूप से तुर्की जैसे देश इस परिदृश्य को लेकर गहन चिंता व्यक्त कर रहे हैं। उनकी आशंका यह है कि यदि यह टकराव किसी बड़े सैन्य या राजनीतिक उथल-पुथल में बदलता है, तो इसके प्रभाव पूरे पश्चिम एशिया में अस्थिरता की नई लहर पैदा कर सकते हैं। तुर्की के कई राजनीतिक विश्लेषकों और नीति-निर्माताओं ने इस बात पर जोर दिया है कि ईरान को केवल एक सामान्य राष्ट्र के रूप में नहीं देखा जा सकता।

दरअसल, ईरान एक ऐसा देश है, जिसकी ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक गहराई और धार्मिक प्रभाव व्यापक क्षेत्र को प्रभावित करता है। ऐसे में यदि ईरान किसी बड़े संकट का सामना करता है, तो उसका असर केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह पूरे क्षेत्रीय ढांचे को झकझोर सकता है। इस संदर्भ में सीरिया का अनुभव सामने है। पिछले एक दशक में सीरिया में उत्पन्न संकट ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब किसी देश में शासन व्यवस्था कमजोर पड़ती है या सत्ता का शून्य उत्पन्न होता है, तो उसका परिणाम केवल राजनीतिक अस्थिरता तक सीमित नहीं रहता। वह एक व्यापक मानवीय त्रासदी का रूप ले लेता है। लाखों लोगों का विस्थापन, शरणार्थियों की भीड़, सीमाओं पर बढ़ता दबाव और विभिन्न हथियारबंद गुटों का उदय, ये सभी उस संकट के भयावह परिणाम रहे हैं। तुर्की ने इस वास्तविकता को बहुत करीब से अनुभव किया है। सीरियाई संघर्ष के दौरान उसे शरणार्थियों की भारी आमद, सीमा सुरक्षा की जटिल चुनौतियों और आतंकवादी गतिविधियों के बढ़ते खतरे का सामना करना पड़ा। यही



अनुभव आज तुर्की को अधिक सतर्क और संवेदनशील बना रहा है।

तुर्की की चिंता केवल संभावनाओं पर आधारित नहीं है, बल्कि वह अतीत के अनुभवों से उपजी एक व्यावहारिक आशंका है। यदि ईरान में किसी प्रकार की राजनीतिक या सैन्य अस्थिरता उत्पन्न होती है, तो इसके परिणाम भी सीरिया जैसे ही बहुआयामी और जटिल हो सकते हैं। सीमाओं पर असामान्य दबाव, बड़े पैमाने पर जनसंख्या का विस्थापन, सांप्रदायिक तनाव में वृद्धि और प्रॉक्सी युद्धों के रूप में उभरते सशस्त्र समूह, ये सभी संभावित परिदृश्य हैं, जो पूरे क्षेत्र की शांति को खतरे में डाल सकते हैं। पश्चिम एशिया पहले से ही विविध प्रकार के संघर्षों और प्रतिस्पर्धाओं का केंद्र रहा है। यहां धार्मिक विभाजन, सामरिक हित और आर्थिक महत्वाकांक्षाएं एक-दूसरे से उलझी हुई हैं। ऐसे जटिल परिवेश में किसी एक देश की अस्थिरता पूरे क्षेत्र को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। ईरान-इजराइल के बीच बढ़ता तनाव यदि और गहराता है, तो यह केवल सैन्य संघर्ष नहीं होगा, बल्कि यह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को भी पुनर्परिभाषित कर सकता है।

तुर्की की चिंता का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जब किसी क्षेत्र में सरकारी नियंत्रण कमजोर होता है, तो वहां कानून और व्यवस्था का स्थान अक्सर अराजक शक्तियां ले लेती हैं। ऐसे वातावरण में संवाद, तर्क और सहमति की जगह हिंसा और शक्ति का वर्चस्व बढ़ने लगता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में यह भी स्पष्ट है कि कोई भी संघर्ष अब सीमाओं में बंधा नहीं रहता। वैश्वीकरण और परस्पर निर्भरता के इस युग में क्षेत्रीय संकट तेजी से अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर लेते हैं। इसलिए ईरान-इजराइल के बीच बढ़ता तनाव केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं, वैश्विक स्थिरता के लिए भी एक चुनौती बनता जा रहा है।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि पश्चिम एशिया में उभरती अस्थिरता के संकेतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। तुर्की जैसे देशों की चिंताएं न केवल तर्कसंगत हैं, बल्कि वे एक बड़े संभावित संकट की पूर्व चेतावनी भी हैं। ऐसे समय में आवश्यकता इस बात की है कि क्षेत्रीय और वैश्विक शक्तियां शक्ति प्रदर्शन के बजाय संवाद, संयम और कूटनीति को प्राथमिकता दें। यदि समय रहते विवेकपूर्ण और संतुलित कदम नहीं उठाए गए, तो यह तनाव एक व्यापक संघर्ष में बदल सकता है, जो पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता और शांति को गहरे संकट में डाल देगा।

■ हरिनारायण मिश्रा




- **मेष राशि:-** समय आज बेहद शानदार बना हुआ है मन प्रसन्न रहेगा कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी प्रेम संबंध सुधरेंगे।
- **वृषभ राशि:-** परिस्थितियों के आपके पक्ष में आने की पूरी संभावना है मानसिक प्रसन्नता रहेगी धन की आवक होगी।
- **मिथुन राशि:-** समय आज कमजोर सा है मन अशांत रहेगा बहस करने से बचें कामकाज में सावधानी बरतें।
- **कर्क राशि:-** सितारों की अनुकूलता लगातार आपको लाभ देती जा रही है कार्यक्षेत्र मजबूत रहेगा प्रेम संबंध मन के अनुकूल रहेंगे।
- **सिंह राशि:-** सितारे आज बेहद शानदार स्थिति में हैं आपके द्वारा सोचे गए कार्य आसानी से संपन्न होंगे।
- **कन्या राशि:-** समय धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी संतान से जुड़ा हुआ कोई कार्य संपन्न होगा।
- **तुला राशि:-** चंद्रमा अभी भी आपको तंग कर रहा है कार्यक्षेत्र से जुड़े आवश्यक निर्णय लेने से बचें बहस बिल्कुल न करें।
- **वृश्चिक राशि:-** पराक्रम भाव में बनी शुभ ग्रह स्थिति आपको लगातार लाभ देगी सहयोग में वृद्धि होगी संबंध शानदार रहेंगे।
- **धनु राशि:-** समय अभी ठीक नहीं है घर-परिवार को लेकर परेशानी बनी रहेगी धन की चिंता रहेगी।
- **मकर राशि:-** सितारों की अनुकूलता के चलते आपके कार्यों में मजबूती बनी रहेगी लोग आपकी प्रशंसा करेंगे प्रेम संबंध शानदार रहेंगे।
- **कुंभ राशि:-** समय आज ठीक नहीं है मन तनाव से भरा रहेगा बेकार के कार्यों में धन खर्च हो सकता है सहयोग में कमी रहेगी।
- **मीन राशि:-** समय आने वाले दिनों में भी आपकी मदद करेगा इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्य तेजी से करें।



भारतीय राजनीति में जाति सिर्फ सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि सत्ता की सबसे निर्णायक धुरी रही है। चुनाव आते ही यह धुरी तेजी से घूमने लगती है। ऐसे में राहुल गांधी द्वारा कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग कोई साधारण प्रस्ताव नहीं, एक गहरा राजनीतिक संकेत है। यह 'सम्मान की राजनीति' चुनावी गणित को प्रभावित कर सकती है।

## जाति, सम्मान और सत्ता का नया उभरता समीकरण

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से यह मांग ऐसे दौर में उठी है, जब उच्च शिक्षा में समानता को लेकर बहस अपने चरम पर है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 'समानता नियम, 2026' ने जिस तरह जातिगत भेदभाव के सवाल को फिर से केंद्र में ला खड़ा किया, उससे यह स्पष्ट हो गया कि सामाजिक न्याय का मुद्दा अभी भी अधूरा है। अदालत की दखल के बाद यह बहस और संवेदनशील हो गई। ऐसे में कांग्रेस का यह दलित गोलबंदी का कदम केवल अतीत को याद करना नहीं, वर्तमान के असंतोष को राजनीतिक हवा देने का प्रयास भी है। देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की राजनीति में इसका असर साफ दिख रहा है। मायावती की कांग्रेस पर तीखी प्रतिक्रिया इस बात का संकेत है कि दलित राजनीति का केंद्र अभी भी स्मृति और सम्मान से जुड़ा हुआ है। उनका यह कहना कि डॉ. बीआर अंबेडकर को 31 मार्च 1990 उनके महापरिनिर्वाण के 34 वर्षों बाद यह सम्मान मिला, दरअसल उस ऐतिहासिक पीड़ा को सामने लाता है, जिसे दलित समाज अब राजनीतिक ताकत में बदल चुका है।

**यदि** इस पूरे घटनाक्रम को व्यापक राजनीतिक परिपेक्ष्य में देखें, तो यह साफ होता है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने खोए हुए जनाधार को पुनः समेटने की कोशिश कर रही है। आजादी के बाद जिस सामाजिक गठबंधन के बूते कांग्रेस मजबूत बनी थी, वह गठजोड़ 1970 के दशक के बाद बिखर गया। इसके साथ ही आपातकाल के बाद उभरी राजनीति ने जातीय और क्षेत्रीय पहचान को नए सिरे से स्थापित किया। यही वह दौर था जब कांशीराम जैसे दलित नेता उभरे और उन्होंने दलितों को एक स्वतंत्र विचारधारा के साथ राजनीतिक शक्ति के रूप में संगठित किया। दरअसल, कांशीराम की सबसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि यह थी कि उन्होंने 'बहुजन' की अवधारणा को केवल नारे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे सत्ता के समीकरण में बदल दिया। बहुजन समाज पार्टी का उभार इसी रणनीति का परिणाम था। हालांकि दलित-पिछड़ा गठजोड़ लंबे समय तक टिक नहीं पाया, लेकिन इसने भारतीय राजनीति को स्थायी रूप से बदल दिया।

**उत्तर प्रदेश** इस परिवर्तन की सबसे बड़ी प्रयोगशाला बनकर उभरा। यहां सामाजिक विरोधाभास (एक ओर परंपरागत वर्चस्व और दूसरी ओर संत परंपरा की समतावादी धारा) ने ऐसी जमीन तैयार की, जहां कांशीराम का आंदोलन पनप सका। यही कारण है कि आज भी दलित राजनीति का केंद्र उत्तर प्रदेश ही बना हुआ है। अब जब 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, तब कांग्रेस की यह मांग और अधिक मायने रखती है। लगभग 20 प्रतिशत दलित आबादी वाले इस राज्य में 'सम्मान' का मुद्दा सीधे वोट में तब्दील हो सकता है। कांग्रेस, समाजवादी और अन्य दल इस भावनात्मक जुड़ाव को साधने की कोशिश में हैं, जबकि सत्ता पक्ष भी इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि भारतीय राजनीति एक नए मोड़ पर खड़ी है, जहां जाति, सम्मान और पहचान तीनों मिलकर सत्ता का नया समीकरण गढ रहे हैं। कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग इसी बदलते राजनीतिक परिदृश्य का जीवंत प्रतीक है, जहां इतिहास केवल स्मरण का विषय नहीं, बल्कि भविष्य की रणनीति का आधार बन चुका है।

■ राममनोहर रायकवार

आस्था/अवसर

**चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व जैसे ही आरंभ होता है, पूरा भारत भक्ति के रंग में रंग जाता है। इन नौ दिनों में देवी दुर्गा के विविध स्वरूपों की आराधना के साथ श्रद्धालु शक्ति की अनुभूति करते हैं। इसी आस्था की धारा में एक ऐसा पवित्र स्थल है, जहां हर वर्ष लाखों भक्त अपने विश्वास का दीप जलाने पहुंचते हैं। वह है विंध्याचल पर्वत पर स्थित विंध्यवासिनी माता का दिव्य धाम।**

विंध्यवासिनी धाम

## आस्था, शक्ति और चमत्कारों का जीवंत तीर्थ

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में स्थित यह मंदिर भारत के प्राचीन और प्रतिष्ठित शक्तिपीठों में गिना जाता है। यहां विराजमान देवी को 'विंध्यवासिनी' कहा जाता है, क्योंकि वे स्वयं विंध्य पर्वत पर निवास करती हैं। नवरात्रि के दिनों में यह धाम श्रद्धा का केंद्र बन जाता है। यहां भजन-कीर्तन की गूंज और भक्तों की अटूट आस्था वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देती है।





### भक्ति के साथ संस्कृति का उत्सव

नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर के आसपास सजी अस्थायी बाजारों की रौनक देखते ही बनती है। यहां पूजन सामग्री, धार्मिक ग्रंथों और हस्तशिल्प वस्तुओं की बहार होती है। यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उत्सव का भी रूप ले लेता है, जो समाज को एक सूत्र में पिरोता है। मंदिर की एक और विशेषता इसे और भी दिव्य बनाती है। यहां विराजमान देवी की प्रतिमा को 'स्वयंभू' माना जाता है। यही कारण है कि भक्तों का विश्वास और भी गहरा हो जाता है कि माता हर पुकार सुनती हैं और अपने भक्तों की रक्षा करती हैं।

### ...जब आस्था बनती है यात्रा

नवरात्रि के दौरान विंध्यवासिनी मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। कोई दूर-दराज से पैदल चलकर आता है, तो कोई कलश यात्रा के साथ अपनी श्रद्धा अर्पित करता है। हर भक्त की आंखों में एक ही विश्वास झलकता है कि माता के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। यहां की सबसे विशेष परंपरा है विंध्याचल त्रिकोण यात्रा। इस यात्रा में तीन प्रमुख शक्तिपीठों- विंध्यवासिनी देवी, अष्टभुजा देवी और कालिखो मंदिर के दर्शन किए जाते हैं। मान्यता है कि इस त्रिकोण यात्रा को पूर्ण करने से भक्त के जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और उसकी इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

### पौराणिक रहस्य और चमत्कारिक मान्यताएं

विंध्यवासिनी धाम केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि अनेक पौराणिक कथाओं का जीवंत केंद्र है। पुराणों के अनुसार, जब कंस ने देवकी की आठवीं संतान को मारने का प्रयास किया, तब योगमाया ने विंध्याचल पर्वत पर जन्म लेकर स्वयं को बचा लिया। यही योगमाया आगे चलकर विंध्यवासिनी देवी के रूप में पूजित हुईं। एक अन्य कथा के अनुसार, देवी ने विंध्य पर्वत पर निवास करते हुए असुरों का संहार किया और समस्त संसार की रक्षा का संकल्प लिया। स्थानीय जनश्रुति तो यहां तक कहती है कि संकट के समय माता स्वयं भक्तों के स्वप्न में आकर उन्हें मार्गदर्शन देती हैं।

### संयम और साधना के नियम

नवरात्रि केवल पूजा का नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और अनुशासन का पर्व है। इन दिनों तामसिक भोजन जैसे मांस, मदिरा, लहसुन-प्याज से दूर रहना चाहिए और सात्विक आहार अपनाना चाहिए। क्रोध, विवाद और कठोर वाणी से बचना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि यह समय मन की पवित्रता का होता है। वहीं व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को बाल, दाढ़ी या नाखून काटने से भी परहेज करना चाहिए। किसी भी प्रकार के नशे से दूरी बनाए रखना व्रत की पवित्रता को बनाए रखता है। यदि घर में अखंड ज्योति प्रज्वलित है, तो उसे अकेला छोड़ना उचित नहीं माना जाता। साथ ही, दुर्गा चालीसा या सप्तशती का पाठ करते समय पूर्ण एकाग्रता और श्रद्धा बनाए रखना चाहिए।

शौक को कैसे बनाएं पेशा

## रसोई से भरें शानदार कॅरियर की उड़ान



क्या आपने कभी सोचा है कि रसोई में बिताया गया आपका समय केवल स्वाद तक सीमित नहीं, बल्कि सफलता की सीढ़ी भी बन सकता है? बदलते दौर में खाना बनाना अब सिर्फ घरेलू जिम्मेदारी नहीं रहा, बल्कि एक ऐसा हुनर बन गया है, जो आपको पहचान, प्रतिष्ठा और बेहतर कमाई का जरिया भी बन सकता है। आज का युवा जहां पारंपरिक करियर विकल्पों की ओर दौड़ रहा है, वहीं पाककला एक अलग और आकर्षक राह खोल रही है।

### युवाओं के लिए नए अवसर

अक्सर देखा गया है कि छात्र डॉक्टर, इंजीनियर या प्रबंधन जैसे पारंपरिक क्षेत्रों की ओर अधिक आकर्षित होते हैं, क्योंकि उन्हें अन्य विकल्पों की पर्याप्त जानकारी नहीं मिलती। लेकिन सच्चाई यह है कि होटल मैनेजमेंट और पाककला के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं।



### कमाई के साथ उज्ज्वल भविष्य

शुरुआत में एक शेफ को 20 से 40 हजार रुपये मासिक वेतन मिल सकता है। लेकिन जैसे-जैसे अनुभव बढ़ता है, वैसे-वैसे आय में भी जबरदस्त वृद्धि होती है। बड़े फाइव स्टार होटलों या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले अनुभवी शेफ सालाना 40 से 50 लाख रुपये तक कमा सकते हैं।

खासकर उन युवाओं के लिए, जिन्हें खाना बनाने और नए स्वादों के साथ प्रयोग करने में आनंद आता है, यह क्षेत्र एक सुनहरा अवसर साबित हो सकता है।

### पर्यटन की रफ्तार और शेफ की बढ़ती मांग

भारत में तेजी से विकसित हो रहा पर्यटन उद्योग इस बदलाव की सबसे बड़ी वजह है। लोग अब कामकाजी जीवन की थकान से राहत पाने के लिए घूमने-फिरने और अच्छे भोजन का आनंद लेने लगे हैं। यही कारण है कि होटल और रेस्तरां भारतीय व्यंजनों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पकवानों को भी मेन्यू में शामिल कर रहे हैं। इन व्यंजनों को तैयार करने के लिए प्रशिक्षित और रचनात्मक शेफ की मांग लगातार बढ़ रही है। बड़े होटल, क्रेज और लग्जरी रिसॉर्ट्स में शेफ आज एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### स्वाद और सफलता का सफर

पाककला आज केवल शौक नहीं, बल्कि एक स्थाई जॉब और उज्ज्वल भविष्य का विकल्प बन चुकी है। यदि आपके भीतर स्वाद और रचनात्मकता का मेल है, तो यह क्षेत्र आपको न केवल आर्थिक मजबूती देगा, बल्कि एक अलग पहचान भी दिलाएगा। रसोई का यह हुनर आपको दुनिया के किसी भी कोने में सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

### कैसे करें सही संस्थान का चयन

देश के प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा देनी होती है। इसके अलावा कई निजी संस्थान भी सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स प्रदान करते हैं। सही संस्थान का चयन इस करियर में आपकी सफलता की दिशा तय करता है।



### कोर्स और प्रशिक्षण सफलता की पहली सीढ़ी

अगर आप शेफ बनने का सपना देखते हैं, तो इसके लिए कई पेशेवर कोर्स उपलब्ध हैं। होटल मैनेजमेंट में बीएससी, कैटरिंग साइंस, फूड प्रोडक्शन एंड पैटिसरी, डिप्लोमा इन कुलिनरी आर्ट्स और बीए इन कुलिनरी आर्ट्स जैसे कोर्स आजकल काफी लोकप्रिय हैं। इनकी अवधि छह महीने से लेकर चार साल तक हो सकती है। 12वीं के बाद छात्र सीधे इन कोर्सों में प्रवेश ले सकते हैं, वहीं स्नातक के बाद भी उच्च स्तरीय पढ़ाई के विकल्प मौजूद हैं।

### लगन और हुनर सफलता की असली पहचान

सैद्धांतिक पढ़ाई के बाद छात्रों को बड़े होटलों में ट्रेनिंग दी जाती है, जहां वे असली किचन के दबाव और कार्यशैली को समझते हैं। करियर की शुरुआत जूनियर शेफ के रूप में होती है, लेकिन अनुभव और रचनात्मकता के साथ वे हेड शेफ जैसे प्रतिष्ठित पद तक पहुंच सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक **''गिलेडविन मसीह''** के लिए **''बुलंद मंज़िल''** हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।

**PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122**

# भारत नर्सिंग होम पर जड़ा ताला, ओटी भी सील—रहरा में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई






**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा।** शनिवार देर शाम स्वास्थ्य विभाग ने अचानक सख्ती दिखाते हुए अवैध रूप से संचालित भारत नर्सिंग होम पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने छापेमारी कर नर्सिंग होम को मौके पर ही सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान ऑपरेशन थिएटर को भी बंद कर सील कर दिया गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह नर्सिंग होम लंबे समय से बिना वैध पंजीकरण के संचालित हो रहा था। शनिवार देर शाम टीम के अचानक पहुंचने से संचालक और स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। जांच के दौरान जब दस्तावेज मांगे गए तो नर्सिंग होम संचालक कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। छापेमारी में कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। अस्पताल में न तो पर्याप्त प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद था और न ही आवश्यक चिकित्सा उपकरण मानकों के अनुरूप पाए गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि बिना अनुमति के ऑपरेशन थिएटर संचालित किया जा रहा था, जहां मरीजों के ऑपरेशन तक किए जा रहे थे। यह सीधे तौर पर मरीजों की जान को खतरे में डालने जैसा माना गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी ने तत्काल प्रभाव से नर्सिंग होम को सील करने के साथ ही ओटी को भी सील करने के आदेश दिए। मौके पर ही संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय नागरिकों ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि ऐसे अवैध नर्सिंग होम गरीब और अनजान मरीजों को गुमराह कर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ करते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि रहरा क्षेत्र में चल रहे अन्य अवैध क्लीनिकों और नर्सिंग होम्स के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। सीएचसी प्रभारी शशांक चौधरी ने आम जनता से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत और मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्थानों में ही इलाज कराएं। इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि अब रहरा में अवैध चिकित्सा कारोबार पर शिकंजा कसना तय है।

# सड़क पर सख्ती : धड़ाम साइलेंसर से लेकर ओवरस्पीड तक–215 चालान, 118 स्पीडर्स पकड़े गए





**दैनिक बुलंद मंज़िल /जितेंद्र यादव**

**अमरोहा।** शहर की सड़कों पर रविवार को ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के लिए दिन भारी साबित हुआ। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान में यातायात पुलिस ने एक साथ कई मोर्चों पर सख्ती दिखाते हुए नियम तोड़ने वालों पर कड़ा शिकंजा कसा। अभियान के दौरान सबसे ज्यादा निशाने पर रहे वे वाहन चालक, जो मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखों जैसी तेज आवाज निकाल रहे थे। इसके अलावा फर्जी या मानक के विपरीत नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट चलना और वाहनों पर जातिसूचक शब्द लिखवाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने पूरे जनपद में चेकिंग अभियान चलाते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 215 चालान किए। वहीं, स्पीड लेजर गन की मदद से ओवरस्पीडिंग पर भी लगाम कसी गई, जिसमें 118 वाहनों को तेज रफ्तार में पकड़ा गया। इतना ही नहीं, शहर के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर फैले अतिक्रमण को भी हटवाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। अचानक हुई इस सख्ती से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और कई लोग नियमों का पालन करते नजर आए। यातायात पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा को लेकर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से सड़क हादसों में कमी आएगी और शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी।

# रसोई गैस संकट के बीच गोबर गैस प्लांट लगाने की उठी मांग



**दैनिक बुलंद मंजिल**

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव औसा माफी में गेंदाराम सैनी की बैठक पर ह्यराष्ट्र सेवी संगठन की एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें देश में गहराते रसोई गैस संकट और आम जनता को हो रही परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर अमेरिका-ईरान के बीच तनाव के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा असर आम लोगों की रसोई पर पड़ रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में रसोई गैस की भारी किल्लत देखी जा रही है। गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे लोगों का समय और श्रम दोनों व्यर्थ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल पारंपरिक ईंधनों पर निर्भर रहना अब पर्याप्त नहीं है, इसलिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाना समय की मांग है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि ह्यगोबर गैस योजनाह्न को युद्ध स्तर पर लागू किया जाए। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक गोबर गैस प्लांट अनुदान के साथ स्थापित किए जाते हैं, तो इससे रसोई गैस संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही देश आत्मनिर्भरता की दिशा में भी मजबूत कदम बढ़ाएगा। गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारियों ने बताया कि गोबर गैस न केवल सस्ता और स्वच्छ ईंधन है, बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त इससे किसानों को जैविक खाद भी प्राप्त होगी और गांवों में कचरा प्रबंधन बेहतर होगा। इस दौरान कृष्ण कुमार शर्मा ने उपस्थित लोगों से धर्म के अनुसार साधना-उपासना करने, धार्मिक स्थलों से जुड़े रहने तथा प्रतिदिन कुछ समय जनहित के कार्यों में लगाने की अपील की। बैठक में सुखदेव शर्मा, सुबोध शर्मा, गेंदाराम सैनी, दिलशाद अली, करनवीर सिंह, भगवत सिंह, लोकेश सैनी, विजेंद्र सैनी, कैलाश सैनी, राजवीर सैनी, रामकिशन सैनी, राममूर्ति और वीरवती सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भाजपा जन कल्याण मंच की महिला टीम घोषित, नारी शक्ति को जोड़ने पर जोर



**दैनिक बुलंद मंजिल**

**हसनपुर।** नगर में भारतीय जनता पार्टी जन कल्याण मंच के जिलाध्यक्ष भीष्म सिंह खड़गवंशी ने संगठन विस्तार के तहत महिला टीम की घोषणा की। उन्होंने नारी शक्ति को संगठन की मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष बल देते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त बनेगा। रविवार को नगर के रहरा अड्डा स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गए। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को संगठन की रीति-नीतियों के प्रति निष्ठावान रहकर कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। घोषित टीम के अंतर्गत बबीता सैनी को जिला उपाध्यक्ष, अमरपाली गुर्जर को जिला महामंत्री, ममता शर्मा को जिला सचिव, सुषमा त्यागी को विधानसभा उपाध्यक्ष तथा दीपमाला वर्मा को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, विनोद कुमार को विधानसभा संगठन मंत्री और शिवम कुमार विश्वकर्मा को ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए खड़गवंशी ने कहा कि नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकारें जनहित में निरंतर कार्य कर रही हैं। सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सरकार की योजनाओं और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती से पहले पुलिस की पहल, शांति समिति बैठक में सौहार्द का संदेश





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा ब्यूरो।** आगामी अंबेडकर जयंती को लेकर थाना रहरा परिसर में शांति और भाईचारे का माहौल बनाए रखने के लिए विशेष बैठक आयोजित की गई। प्रभारी थाना रहरा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, ग्राम प्रधान और शांति समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराना रहा। पुलिस अधिकारियों ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे को बनाए रखें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने से बचने की भी हिदायत दी गई। प्रभारी थाना ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी तरह की अव्यवस्था या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि पुलिस और जनता मिलकर ही ऐसे पर्वों को सुरक्षित और सफल बना सकते हैं। बैठक के दौरान जुलूस मार्ग, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि कार्यक्रम के दौरान किसी को कोई असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों। ग्राम प्रधानों और स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस बैठक के जरिए पुलिस ने यह संदेश देने की कोशिश की कि त्योहार केवल उत्सव का नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी विश्वास को मजबूत करने का अवसर भी होता है।

# बाइक से गिरकर महिला की मौत, बिना कानूनी करवाई के किया अंतिम संस्कार



रोते बिलखते परिजन

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव पौरारा सैनी वाली मड़ैया से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां रविवार को बहन के घर जा रही एक महिला का सफर बीच रास्ते में ही हमेशा के लिए थम गया। 45 वर्षीय लौकेश देवी, पत्नी शिवचरण, अपने बेटे अंकित कुमार के साथ बाइक से गांव सिरसा कला जा रही थीं। यह यात्रा पारिवारिक मुलाकात के लिए थी, लेकिन एक अचानक हुए हादसे ने इसे त्रासदी में बदल दिया। बताया जा रहा है कि रास्ते में चलते समय बाइक का संतुलन अचानक बिगड़ गया। पीछे बैठी लौकेश देवी असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ीं। गिरते ही उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसा इतना अप्रत्याशित था कि साथ चल रहे बेटे अंकित को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना की सूचना जैसे ही गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। लौकेश देवी अपने पीछे दो बेटों को छोड़ गई हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और हर कोई इस हादसे से स्तब्ध है। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस मामले में किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में रहरा थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि थाने पर इस घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। यह घटना न केवल एक परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, बल्कि यह भी सवाल खड़े करती है कि ऐसे मामलों में कानूनी प्रक्रिया का पालन क्यों नहीं किया जाता। सड़क पर जरा सी असावधानी कैसे जिंदगी छीन लेती है, इसका यह ताजा उदाहरण है। गांव में पसरा सन्नाटा इस बात की गवाही दे रहा है कि एक छोटी सी चूक ने हंसते-खेलते परिवार को गहरे दुख में धकेल दिया।

# शादी का झांसा बना जाल, आरोपी गिरफ्तार- गजरौला पुलिस की त्वरित कार्रवाई



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**गजरौला ब्यूरो।** भरोसे के नाम पर धोखा और शादी के वादे की आड़ में गंभीर अपराध—ऐसे ही एक सनसनीखेज मामले में थाना गजरौला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नितिन पुत्र राजकुमार, निवासी मोहल्ला राय सती, थाना चन्दौसी, जनपद सम्भल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ 1 अप्रैल 2026 को एक महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें उस पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तेजी से जांच करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में महिला उपनिरीक्षक कृष्णा दाहिमा, उपनिरीक्षक सहसंरपाल सिंह और कांस्टेबल सुमित कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से यह संदेश साफ है कि महिलाओं से जुड़े अपराधों में पुलिस किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरत रही। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस तत्परता की सराहना की है, वहीं अधिकारियों ने कहा है कि ऐसे मामलों में दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# ई-रिक्शा चोर गैंग का भंडाफोड़, 3 शातिर गिरफ्तार ; 10 लाख का माल बरामद



**दैनिक बुलंद मंज़िल/ असलम सैफी जिला प्रभारी**

**अमरोहा।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मण्डी धनौरा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अन्तरजनपदीय ई-रिक्शा चोरी गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की तीन ई-रिक्शा, एक ईको कार, 12 बैटरियां और अन्य पुर्जे बरामद किए हैं। बरामद माल की कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। थाना मण्डी धनौरा पुलिस ने रविवार को रामगंगा पोषक नहर पटरी के पास वाहन चेकिंग के दौरान सूचना के आधार पर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सुनसान स्थानों पर खड़े ई-रिक्शा की पहले रेकी करते थे और फिर मौका पाकर चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद वे ई-रिक्शा को अलग-अलग हिस्सों में तोड़कर कबाड़ियों को बेच देते थे। गिरोह का सदस्य पिन्टू अमरोहा में कबाड़ी की दुकान चलाता है, जहां चोरी के पुर्जों को आसानी से खपाया जाता था। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त पहचान छिपाने के लिए वाहनों की नंबर प्लेट तोड़ देते थे और चेसिस नंबर को ग्राइंडर से मिटा देते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में नईम, नाजिर निवासी ग्राम राजा का ताजपुर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर तथा पिन्टू निवासी मोहल्ला छेवड़ा थाना अमरोहा देहात शामिल हैं। तीनों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने संबंधित मुकदमों में धाराएं बढ़ा दी हैं और अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। इस सराहनीय कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक ने टीम को 15 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया है। पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
संभल/हाथरस/रामपुर
संभल
सोमवार , 06 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)


# डिवाइन फेथ फैलोशिप ग्लोबल मैथोडिस्ट चर्च में ईस्टर का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**सम्भल/बहजोई।** में रविवार को प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के स्मरण में ईस्टर पर्व अत्यंत हर्ष, उल्लास और भक्ति-भाव से सम्पन्न हुआ। यह दिन मसीही विश्वासियों के लिए आशा, नवजीवन और विजय का प्रतीक माना जाता है। प्रातः 4:00 बजे आरंभ हुई प्रभातकालीन स्तुति सभा में विश्वासियों ने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर स्तुति-गीत गाते हुए प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने का स्मरण किया। इसके पश्चात प्रातः 11:00 बजे विशेष आराधना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में मसीही जनों ने भाग लिया। सभा की अध्यक्षता कर रहे ग्लोबल मैथोडिस्ट चर्च के प्रजाइडिंग एल्डर रेवरेंड डॉ० राहुल उठवाल ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि ह्लगुड फ्राइडे की शोकपूर्ण घटनाओं के पश्चात जब प्रभु यीशु तीसरे दिन पुनर्जीवित हुए, तो उनके शिष्य और अनुयायी एक नई आशा, बल और उत्साह से भर गए। ईस्टर हमें सिखाता है कि सत्य, प्रेम और बलिदान की अंतिम विजय निश्चित होती है ह्व उन्होंने मत्ती 28 से पवित्र बाइबिल का पाठ करते हुए पुनरुत्थान की घटना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। पादरी प्रवीन कुमार ने अपने संदेश में प्रभु यीशु के चरित्र और शिक्षाओं को मानवता का आदर्श बताते हुए कहा, ह्लउनकी शिक्षाएं आज भी शांति, क्षमा, करुणा और सेवा का संदेश देती हैं। पुनरुत्थान केवल चमत्कार नहीं, बल्कि प्रत्येक संघर्षरत आत्मा के लिए आशा का प्रतीक है। प्रार्थना सभा के अंत में विश्व शांति, सामाजिक एकता और मानव सेवा के लिए विशेष सामूहिक प्रार्थना की गई। सभा में उपस्थित सभी विश्वासियों ने एक-दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं और प्रभु के पुनर्जीवन की खुशी साझा की। डिवाइन फेथ फैलोशिप ग्लोबल मैथोडिस्ट चर्च द्वारा आयोजित यह ईस्टर समारोह न केवल धार्मिक आस्था का उत्सव था, बल्कि यह मानवता, प्रेम और सेवा के मूल्यों को एक नए स्वरूप में प्रकट करता रहा। इस पवित्र अवसर पर चर्च के कई सदस्यगण उपस्थित रहे, जिनमें खुशी, अंजली, कोमल, कमलेश, अर्जुन, अमयारा, कंचन, चुनमुन, विजय, पूजा, शैलिन, बेबी रॉबिंसन, वीनस, आकांक्षा, पंकज रॉबिंसन, सीमा टॉड, सामर्थ, अरनव, प्रिंस, अनुराग, कनक, माही, आनन्द, भूमि, सहित अनेक श्रद्धालु सम्मिलित हुए।






# तहसीलदार सासनी ने बेमौसम बारिश से फसलों के नुकसान का लिया जायजा

**गौरव दीक्षित,बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** सासनी क्षेत्र में पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। जलभराव और तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी फसलें बिछ गई हैं। किसानों की समस्याओं को देखते हुए और नुकसान का सटीक आकलन करने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। रविवार को तहसीलदार डॉली यादव ने राजस्व टीम के साथ सासनी क्षेत्र के विभिन्न गांवों का सघन दौरा किया और प्रभावित फसलों का स्थलीय निरीक्षण किया. महमदपुर बरसे, श्रीनगर ,सुसायत कला,नगला गडू इन गांवों के अलावा तहसीलदार ने आसपास के अन्य प्रभावित क्षेत्रों का भी भ्रमण किया और किसानों से सीधा संवाद किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार डॉली यादव ने खेतों में जाकर फसल की स्थिति देखी। उन्होंने मौके पर मौजूद लेखपालों और राजस्व कर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि नुकसान का आकलन पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ किया जाए। तहसीलदार डॉली यादव ने बताया कि प्रशासन किसानों के साथ खड़ा है बारिश से जिस भी किसान की फसल को नुकसान पहुँचा है, उसका विधिवत सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी ताकि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। तहसीलदार के खुद खेतों में पहुँचने से क्षेत्र के किसानों में उम्मीद जगी है। किसानों का कहना है कि गेहूं और सरसों की फसल कटाई के करीब थी, लेकिन कुदरत की मार ने सब बर्बाद कर दिया। अब प्रशासन द्वारा जल्द सर्वे और आर्थिक मदद ही उनकी आखिरी उम्मीद है। ?इस दौरान राजस्व अधिकारी प्रमोद अग्निहोत्री के अलावा अन्य अधिकारी और स्थानीय ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।





# हसनपुर में हुआ था नाबालिग पीड़िता का अल्ट्रासाउंड, दुष्कर्म के बाद गर्भपात मामले में जांच तेज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म और उसके बाद कराए गए गर्भपात के मामले में एक नया खुलासा सामने आया है। पुलिस जांच में पता चला है कि पीड़िता का अल्ट्रासाउंड हसनपुर स्थित एक निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कराया गया था। इस जानकारी के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीमें सक्रिय हो गई हैं और पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि दुष्कर्म की घटना के बाद आरोपी पक्ष ने मामले को दबाने के उद्देश्य से पीड़िता का गुप्त रूप से गर्भपात करा दिया था। इसी क्रम में पहले अल्ट्रासाउंड कराया गया, ताकि गर्भ की स्थिति का पता लगाया जा सके। सूत्रों के अनुसार, यह अल्ट्रासाउंड बिना आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी किए कराया गया, जो अपने आप में गंभीर अनियमितता मानी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित अल्ट्रासाउंड सेंटर से जुड़े दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि सेंटर संचालक ने नियमों का पालन किया या नहीं। यदि लापरवाही या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो सेंटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नाबालिग के मामलों में विशेष सतर्कता बरतना अनिवार्य होता है और किसी भी प्रकार की चिकित्सीय प्रक्रिया के लिए निर्धारित कानूनी नियमों का पालन जरूरी है। इस मामले में यदि कोई भी चिकित्सक या कर्मचारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में पहले ही मुख्य आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है और अब इस पूरे प्रकरण में शामिल अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। पीड़िता को आवश्यक चिकित्सीय सहायता और परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच निष्पक्ष तरीके से की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।



# प्राइवेट स्कूलों के महंगे कोर्स के खिलाफ अभिभावकों का प्रदर्शन

## महंगे कोर्स के उत्पीड़न से परेशान अभिभावकों ने की स्कूलों पर कार्यवाही की मांग

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ बीरेंद्र सिंह**

**संभल।** जनपद के गांव शरीफपुर में आज जिला संघर्ष समिति के बैनर तले चौ रविराज चाहल के नेतृत्व में प्राइवेट स्कूलों द्वारा महंगे कोर्स व फीस के नाम पर की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए ऐसे स्कूलों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करते हुए मान्यता तक रद्द करने की मांग की। समाजसेवी व अधिवक्ता चौ रविराज चाहल ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों का घोर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। स्कूलों द्वारा कोर्स व फीस के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। कमीशन खोरी के चक्कर में प्रत्येक वर्ष कोर्स बदल दिया जाता है ताकि अभिभावकों से मोटा धन वसूला जा सके।शासन को जनहित का ध्यान रखते हुए ऐसे विद्यालयों के खिलाफ सख्त सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। अभिभावक कैलाश सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने कहा कि क्षेत्र के बच्चे बहुत अधिक संख्या में प्राइवेट कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ रहे हैं। स्कूलों द्वारा प्रत्येक वर्ष कोर्स बदल दिया जाता है ताकि अभिभावकों से धन वसूली की जा सके।आगे बोलते हुए योगेश सिंह ने कहा प्राइवेट कॉन्वेंट स्कूलों पर सरकार द्वारा अंकुश लगाए जाने की आवश्यकता है कोर्स व एडमिशन के नाम पर अभिभावकों का घोर शोषण किया जा रहा है। अभिभावकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंत में बोलते हुए मास्टर भूप सिंह ने कहा शिक्षा का व्यवसायिक करण कर दिया गया है। प्राइवेट कॉन्वेंट स्कूलों द्वारा शिक्षा का खुलेआम व्यापार कर रहे हैं,इस पर सरकार को विद्यालय चिन्हित करते हुए पूर्ण रूप से अंकुश लगाकर मान्यता रद्द करनी चाहिए जिससे स्कूल संचालकों में कार्यवाही का भय बने और अभिभावकों का शोषण बंद कर दें। इस दौरान चौ रविराज चाहल, कैलाश सिंह, योगेश कुमार, नेत्रपाल सिंह,धर्म सिंह, भूप सिंह,नन्नू सिंह,गजेंद्र सिंह,मदन पाल सिंह,देवराज सिंह, समरपाल सिंह, चरण सिंह,केहर सिंह, मनोज कुमार, सतीश शर्मा आदि रहे।




# अंबेडकर जयंती पर शांति बनाए रखने की अपील, सैद नगली पुलिस ने की बैठक

**दैनिक बुलंद मंजिल / रवि कुमार**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के थाना सैद नगली में आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मद्देनजर थाना प्रभारी विकास शरावत के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, ग्राम प्रधानों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और संभ्रांत लोगों को बुलवाया गया। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्राओं और कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह पर्व सामाजिक समरसता और सम्मान का प्रतीक है, इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में इसे मनाएं। विकास शरावत ने उपस्थित लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने भी पुलिस प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए वे पूरी जिम्मेदारी निभाएंगे। अंत में थाना प्रभारी ने सभी को 14 अप्रैल को शांति, भाईचारे और कानून व्यवस्था के साथ अंबेडकर जयंती मनाने का संदेश दिया जिसमें क्षेत्र के वीरेंद्र सिंह यशपाल सिंह, देशराज पाल प्रधान, सुरजीत सिंह, रामवीर सिंह, राम सिंह, सुबोध कुमार, मित्रपाल सिंह, दीपांशु, रवि कुमार, शेर सिंह, महिपाल सिंह, राजीव कुमार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।






# लोकेंद्र कुमार बने डॉ. अंबेडकर शोभायात्रा 2026 के अध्यक्ष, खंदारीगढी अंबेडकर पार्क में हुई महत्वपूर्ण बैठक

## समाज ने सर्वसम्मति से फाइनल किया अध्यक्ष का नाम,भारी संख्या में अंबेडकर अनुयायी और नेता हुए उपस्थित

**अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** बाबा साहब डॉ. अंबेडकर शोभायात्रा और प्रभात फेरी 2026 को लेकर खंदारी गढ़ी अंबेडकर पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। डॉ. अंबेडकर अनुयायियों ने सर्वसम्मति से लोकेंद्र कुमार को इस वर्ष हाथरस शहर में निकलने वाली शोभायात्रा का अध्यक्ष घोषित किया। बैठक में लोगों ने नाराजगी जताई कि जयंती समारोह के अध्यक्ष घोषित करने में देरी की जा रही है, जिससे पिछली बार भी विवाद पैदा हुआ था और दो अध्यक्ष हो गए थे। इस बार समाज के लोगों की बैठक में अध्यक्ष बनने के लिए आवेदन मांगे गए। दो आवेदन प्राप्त हुए एक लोकेंद्र कुमार और दूसरा जयप्रकाश रिंकू चौधरी, निवासी सोखना।

चुनाव अधिकारी राजपाल सिंह पुनिया, एडवोकेट ने दोनों आवेदकों से चर्चा की और समाज के लोगों की सहमति से लोकेंद्र कुमार का नाम फाइनल किया गया। लोगों ने लोकेंद्र कुमार का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सरदार सुरजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर भारत समाचार के ब्यूरो चीफ शम्मी गौतम, राष्ट्रीय लोकदल के जिले के महासचिव बंटी भैया, जुल्म के खिलाफ आवाज संगठन के चौधरी विजेंद्र सिंह, योगेंद्र भैया कांटे वाले, पंकज प्रेमाकर, पूर्व ब्लाक प्रमुख पति पप्पू प्रकाश, इंडिया न्यूज के ब्यूरो चीफ सुनील पत्रकार, संजय सेठ आजाद, अंकुर प्रेमी, राजकुमार भास्कर, ललित कुमार कर्दम, धर्मेंद्र सिंह निगम, रविंद्र प्रताप सिंह, अनुभव सिंह, मनीष सिंह, जितेंद्र कुमार रामदास सिंह, जुगेंदर सिंह, पीयूष कुमार, राजेंद्र सिंह एडवोकेट, धर्मवीर सिंह एडवोकेट, राजेश गुड्डू एडवोकेट, सुनील कुमार सहित भारी संख्या में अंबेडकर अनुयायी उपस्थित रहे। समाज के सदस्यों ने इस निर्णय को लेकर संतोष व्यक्त किया और आशा जताई कि इस बार शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न होगी।





# श्री सिद्ध मनोकामेश्वर नाथ धाम मंदिर पर भक्तों का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया






**दैनिक बुलंद मंज़िल/ अजयपाल यादव**

**बदायूं ।** सहसबान-दहगवां श्री सिद्ध मनोकामेश्वर नाथ धाम मंदिर पर युवा भाजपा नेता मयंक गुप्ता व उनके पिताजी नरेश चंद्र गुप्ता ने भक्तों का फूल मालाओं से लाद कर जोरदार स्वागत किया बता दें संजीव कुमार गुप्ता ने ग्राम रसूलपुर कला से श्री खाटू श्याम जिला सीकर को पैदल यात्रा आरंभ की है, जिसको लेकर उनका जगह-जगह पर जोरदार स्वागत किया गया इस दौरान बम बम भोले के उदघोषों से वातावरण पूरी तरह से शिवमय हो गया इस दौरान वह श्री सिद्ध मनोकामेश्वर नाथ धाम मंदिर पर भी पहुंचे जहां मयंक गुप्ता ने व उनके परिजनों सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया शिव भक्तों को पटका व फूल माला पहनाई गई और उनके तिलक लगाकर उनकी आरती की गई। और उनकी यात्रा को लेकर मंगलमय की कामना की गई।

# हाई टेंशन बिजली के तार टूट कर गिरने से गेहूं की खड़ी फसल जलकर हुई राख





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**जुनावई ।** थाना क्षेत्र के करिया खेड़ा गांव में हाई टेंशन बिजली के तार टूट कर गिरने से किसान की गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने निजी साधनों से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग तीन बीघा गेहूं जल चुके थे आपको बताते चलें कि करिया खेड़ा गांव निवासी वीरेश के खेत के ऊपर से हाई टेंशन बिजली की लाइन गुजर रही है जिसमें रविवार के दिन अचानक लाइन में फॉल्ट हो गया और आग की चिंगारी निकलने लगी इसके बाद बिजली का तार टूट कर गेहूं की खड़ी फसल में गिर गया और आग लग गई वहीं ग्रामीण देवेंद्र ने बताया कि पहले लाइन में फोल्ड हुआ उसके बाद तार टूट कर वीरेश के खड़े गेहूं की फसल पर गिर गया जिसके कारण गेहूं की फसल में आग की लपटे उठने लगी आग की लपट देख आसपास खेतों में कार्य कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने निजी साधनों से आज पर काबू पाया लेकिन तब तक वीरेश के लगभग तीन बीघा गेहूं जलकर राख हो गए ।

# चिकित्सा अधीक्षक की कुर्सी पर बैठना घोर निंदनीय : आदेश शंखधार

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**मिलक रामपुर ।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने हमारे ब्यूरो विनोद गुप्ता को जानकारी देते हुए बताया कि स्वार टांडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक शफीक अंसारी के सुपुत्र उमैर अंसारी ने चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वार की कुर्सी पर बैठकर अपनी सत्ता की हनक दिखाने का जो प्रयास किया है वह घोर निंदनीय है और स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने तथा स्टाफ को निर्देशित करने का अधिकार उनको किसने दिया है इसकी उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए। इस सम्बन्ध में अपना दल (एस) रामपुर के जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह को अवगत कराया गया है कि इस प्रकार का कार्य एक विधायक के सुपुत्र को शोभा नहीं देता है इसकी सूचना राष्ट्रीय अध्यक्ष तक अवश्य पहुंचाएं। अगर विधायक शफीक अंसारी द्वारा अपने सुपुत्र उमैर अंसारी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है तो वह आम जनता की शिकायतों के समाधान कराने के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को फोन करके या फि र पत्र के माध्यम से उनका उचित समाधान कराने के लिए पूरी तरह से अधिकृत हो सकते हैं लेकिन इस प्रकार से किसी स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचकर उसका निरीक्षण करना, स्टाफ को निर्देशित करना और चिकित्सा अधीक्षक की कुर्सी पर बैठना यह सब हमारी समझ से परे है। आज सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से जिलाधिकारी रामपुर से जांचोपरांत उचित कार्यवाही की मांग की गई है।



CMYK

# विश्व का अनोखा धाम बना जीवन धाम मनौना धाम, नित प्रति दिन बढ़ रही ऐतिहासिक श्रद्धालुओं की भीड़

## देर रात तक महंत जी महाराज बैठकर अपने आसन पर देते हैं आशीर्वाद








**दैनिक बुलंद मंजिल/ विनोद गुप्ता**

**रामपुर** । हम बात कर रहे हैं ऐसे अनोखे श्री श्याम सरकार की जहां अद्भुत कृपा बरसाने वाले श्री श्याम मंदिर मनोना धाम की । बाबा तेरा खेल निराला हारे को दे सहारा विश्व विख्यात श्री श्याम मंदिर आवला बरेली मे प्रति ऐतिहासिक भीड दर्शन करने मनोकामना की अर्जी लगाने तथा महंत जी महाराज से आशीर्वाद लेने आ रही है महंत जी महाराज की एक झलक पाने को भक्त घंटो लाइन मे लगे रहते है वही महंत जी महाराज भक्तो को निराश नही कर रहे है सुबह प्रातः आरती के वाद आसन पर बैठक कर देर रात्री 1 से 2 बजे तक आशीर्वाद दे रहे हैं मनौना धाम जीवन धाम मे वाबा श्याम का नया मंदिर दरवार उच्च कोटि विश्वस्तर प्रसिद्ध राजस्थान के नागौर जिले की मकराना संगममर पत्थर से वन कर तैयार हुआ है इस संगमरमर से विश्व प्रसिद्ध भगवान राम का अयोध्या मंदिर जयपुर का सिटी पैलेस ताज होटल विडला होटल तथा आस्ट्रेलिया का प्रसिद्ध जैन मंदिर बनाया गया है वही मंदिर के गेट पर दो गणेश भगवान की सवारी विशाल हाथी बनाए गये है जो अदभूत मनमोहक आकर्षण लगते है वही मंदिर के गेट के ऊपर भगवान गणेश विराजमान है महाराष्ट्र उडीसा राजस्थान आदि के प्रसिद्ध मूर्तिकार शिल्पकारों ने मंदिर निर्माण किया है ।वाबा श्याम के मंदिर की आधार शिला मनौना धाम महंत श्री ओमेन्द्र महाराज ने 7 अक्टूबर 2020 को रखी थी पाच सालो मे कडी मेहनत लग्न के साथ महंतजी महाराज के अथक प्रयासो से पूर्ण विधि विधान से काशी के आचार्यो द्वारा तथा महंत जी महाराज के कर कमलो द्वारा 7 अक्टूबर 2025 को बाबा के भब्य दिब्य शीश की स्थापना हो चुकी है शीश की स्थापना के वाद प्रथम आरती पश्चात श्याम भक्त नियमित दर्शन कर रहे है श्याम भक्त जव वाबा के दरवार पहुंचते है तो चेहरे पर एक अलग खुशी दिखाई देती है उच्च कोटि वस्तुओ से बना वाबा का दरवार भक्तो के मन मे भक्ती भाव उत्पन्न कर रहा है भक्त दरवार को नहारते रहते है वाबा के शीश से निगाहे नही हटती जव सेवादार आगे वढाने का प्रयास करते है तव आगे बढते है वाबा का दरवार भक्तों का मन मोह रहा है। जहां संपूर्ण विश्व से श्याम भक्त अपनी अरदास लगाकर मनोकामना पूर्ण कर रहे हैं। मनौना धाम महंत श्री ओमेन्द्र महाराज ने बताया कि वाबा श्याम मेरे लिए अनमोल है और वाबा जहा विराजे है वो दरवार उच्चकोटि का बनाया गया है वाबा से वडी और अनमोल कोई चीज नही है यह वाबा का ही चमत्कार है कि मनौना धाम मे प्रति दिन रिकार्ड ऐतिहासिक भीड आ रही है जिनकी मनोकामना पूर्ण हो रही है अव जो 29 मई 2023 को धाम मे 5 मंदिरो के लिए भूमि पूजन हो चुका है वो 5 मंदिर बाबा भोले नाथ शिवालय मंदिर श्री मोरवी माता मंदिर श्री वाला जी महाराज मंदिर श्री राधा कृष्ण मंदिर तथा श्री दुर्गा माता मंदिर का निर्माण कार्य शुरू होगा भक्तो के लिए वातानुकुल बेरी केटिंग वन रही है वही धाम परिसर मे दो श्याम कुन्ड गौशाला तथा वृद्धा आश्रम के लिए भूमि पूजन जल्द किया जायेगा ।

# लाजपत नगर में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद-राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार और आंदोलन की रणनीति तय

**बुलंद मंजिल ब्यूरो**

**मुरादाबाद** । अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल मुरादाबाद की बैठक रविवार को लाजपत नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन विस्तार, महिला सशक्तिकरण, साप्ताहिक हनुमान चालीसा केंद्रों की स्थापना, गौ संरक्षण से जुड़े मुद्दों तथा कार्यकताओं पर दर्ज मुकदमों के विरोध में आंदोलन को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महिला परिषद की विभाग अध्यक्षा पवित्रा शर्मा ने कहा कि सभी हिंदुओं को एकजुट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बहनों और बेटियों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना समय की मांग है। इसी उद्देश्य से निकट भविष्य में ओजस्विनी के माध्यम से पश्चिम उत्तर प्रदेश, मेरठ प्रांत में सशक्त महिला वीरांगना हिन्दू युवती प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में युवतियों को आत्मरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग महामंत्री गौरव सैनी ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने का सबसे प्रभावी माध्यम साप्ताहिक हनुमान चालीसा केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि संगठन प्रत्येक मंगलवार शाम 7 बजे निश्चित स्थानों पर गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले में हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करेगा, जिससे समाज को जोड़ने और मजबूत संगठन खड़ा करने में मदद मिलेगी। बैठक में प्रांत अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि 30 मार्च 2026 को गौ संरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर नगर आयुक्त मुरादाबाद को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन इसके बाद संगठन कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि संगठन इस मामले को लेकर मुरादाबाद सहित पश्चिम उत्तर प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन करेगा। आंदोलन के प्रथम चरण में 07 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे मुरादाबाद के विभिन्न थानों पर प्रखंड स्तर से ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसके अंतर्गत कटघर, मझोला, मुगलपुरा, गलशहीद, सिविल लाइंस, शहर कोतवाली, मुंडापांडे, भोजपुर, भगतपुर और ठाकुरद्वारा थानों पर संगठन के कार्यकर्ता पहुंचकर मुकदमा वापस लेने और संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। इसके अलावा 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मुरादाबाद कलेक्ट्रेट में नगर निगम के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ए.के. गौतम की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ आयोजित करने की घोषणा भी की गई। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। बैठक के दौरान संगठन को गति देने के उद्देश्य से कई नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई। शरद रस्तोगी को महानगर अध्यक्ष, राष्ट्रीय बजरंग दल बनाया गया। इसके साथ ही दीपांशु सैनी, राहुल सैनी, आकाश, अमन, अरुण, शिवम, गौरव, विनोद, शिव गुप्ता, धर्मपाल, मोहित पाल, प्रियांशु और अमित सहित कई कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में रोहित भटनागर, गंगा राणा, अभिषेक श्रीवास्तव, ईशांत भारद्वाज, अनुज आर्य, गोविंद सिंह, सुशांत गुप्ता, भानु प्रताप, अभिषेक सैनी, यश वर्मा, अजय, राकेश, कृष, हर्षित, अनुराग, सुमित सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बमनपुरी में हुआ वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार समारोह, प्रधानाचार्य ने बच्चों को पुरस्कार देकर बढ़ाया सम्मान, खिले चेहरे

**दैनिक बुलंद मंजिल**



**शाहबाद रामपुर**। प्राथमिक विद्यालय बमनपुरी विकास खण्ड शाहबाद में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा में प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद नदीम ने बताया कि ' यदि मनुष्य सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है। हमारे ब्यूरो विनोद गुप्ता को प्रधानाचार्य मौहम्मद नदीम ने बताया कि यह सरकार की मंशा के अनुरूप स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया व जनसंपर्क भी स्थापित किया जा रहा है। इस अवसर पर रवि भान सिंह, समित कुमार तिवारी, महेश चंद, वीरु देवी, अभिभावक व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## गेंहू काटने जा रहे थे आठ मजदूर हुआ हादसा , एक की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**शाहबाद रामपुर** । मामला कोतवाली क्षेत्र शाहबाद का है जहां रविवार सुबह तड़के एक ई-रिक्शा पलटने से उसमें सवार आठ मजदूर घायल हो गए। बताते चलें कि यह हादसा मडैयान बदे गांव के निकट का है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में उपचारित कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक गंभीर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी अनुसार, आठ सवारी से भरी ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। ई-रिक्शा में सवार सभी मजदूर गेंहू काटने के लिए जा रहे थे। घायलों में मोहल्ला नालापार निवासी 18 वर्षीय कुशाली, 60 वर्षीय नथिया, 60 वर्षीय इंद्रवती, 15 वर्षीय मेघा, 35 वर्षीय सर्वेश, 50 वर्षीय सोमवती, 40 वर्षीय जयवती और 60 वर्षीय कमलेश शामिल हैं। बता दें कि एक महिला की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## बैरुआ गाँव में मामूली बात पर बढ़ा विवाद, दो पक्षों में जमकर मारपीट, पांच घायल

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**सैफनी**। थाना क्षेत्र के बैरुआ गांव में रविवार सुबह मामूली कहासुनी ने तूल पकड़ लिया और देखते ही देखते दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई, जिसमें महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष की ओर से अफसाना, अरकान और जुनैद, जबकि दूसरे पक्ष से जुवेदा और साजिद शामिल हैं। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। मारपीट के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे, जहां से पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए शाहबाद सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पटवाई में लापरवाही से डंपर चलाने में चालक पर हुआ केस

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**पटवाई रामपुर** । थाना क्षेत्र के मथुरापुर कलां गांव निवासी रमेश ने थाने में शिकायत पत्र देकर बताया है कि 31 मार्च को उनके भैया भाभी मोटरसाइकिल से अपने गांव से पटवाई आ रहे हैं थे वहीं रास्ते में नवाबनगर गांव पहुंचते ही सामने से आ रहे डंपर चालक लापरवाही व तेज गति से चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी जिससे उनके भैया भाभी घायल हो गए जिसे आनन फानन में इलाज के लिए रामपुर लेकर गए जहां से उन्हें हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 27 विधानसभा ग्रामीण के विकास, संगठन विस्तार और जनसमस्याओं के समाधान को लेकर जिला कार्यालय पर मासिक बैठक संपन्न

## रवि चौधरी बोले– कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर होगा हस्तक्षेप




**बुलंद मंजिल ब्यूरो**

**मुरादाबाद** । जिला कार्यालय पर रविवार को संगठन की मासिक बैठक का भव्य एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रवि चौधरी, जिला अध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि 27 विधानसभा ग्रामीण ने की। बैठक में संगठन के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता उत्साह एवं जोश के साथ उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, पार्टी के जनाधार को निरंतर विस्तार देने तथा आगामी राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को लेकर गहन एवं सार्थक विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, सामाजिक चुनौतियों एवं संगठनात्मक विषयों पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार रखे। साथ ही यह संकल्प भी लिया गया कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों की रक्षा हेतु निरंतर कार्य किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए रवि चौधरी ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके कार्यकताओं की एकजुटता, अनुशासन, निष्ठा एवं सेवा भावना में निहित होती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनमानस तक पहुंचाएं। बैठक में यह भी स्पष्ट रूप से चर्चा की गई कि 27 विधानसभा ग्रामीण क्षेत्र से विधायक पद की उम्मीदवारी की गंभीर तैयारी की जा रही है, ताकि क्षेत्र में निवास कर रहे सभी वर्गों के लोगों का समुचित भला किया जा सके तथा 27 विधानसभा ग्रामीण क्षेत्र का युद्ध स्तर पर समग्र एवं तेज विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और जनसमर्थन को व्यापक रूप से बढ़ाने का संकल्प लिया गया। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि क्षेत्र की सामाजिक समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके त्वरित समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। बैठक के दौरान मीडिया से बातचीत में रवि चौधरी ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि इस संबंध में कई दिनों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी तथा मुरादाबाद के प्रभारी मंत्री से मिलकर इस समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अभिभावकों और आम जनता के हितों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से दानिश कुरेशी (महानगर अध्यक्ष), कुक्कू चौधरी (महानगर महामंत्री), अशोक सैनी (महानगर प्रभारी), मोहित ठाकुर (मीडिया प्रभारी), अमित चौधरी (संगठन मंत्री), शानू कुरैशी (महानगर उपाध्यक्ष), मुशाहिद हसन (विधानसभा अध्यक्ष), हैप्पी वाल्मीकि (जिला सचिव), मोनू सैनी (महानगर उपाध्यक्ष), मुकेश सैनी (नगर अध्यक्ष), दीपक सैनी (विधानसभा अध्यक्ष कुंदरकी), डॉ. विशाल वर्धन (जिला प्रचार मंत्री), विजेंद्र सिंह सैनी (प्रकोष्ठ अध्यक्ष), मयंक वर्मा (जिला महामंत्री), नासिर अली, गुलाम नबी प्रधान, रहीम अंसारी, राजा, नावेद अंसारी सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## रेलवे ट्रैक के पास चोरी की मोटरसाइकिल संग शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

### कटघर पुलिस ने कार्रवाई कर पैशन प्रो बाइक बरामद की, आरोपी पर पहले से कई मुकदमे दर्ज




**बुलंद मंजिल ब्यूरो**

**मुरादाबाद** । थाना कटघर पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल (काले रंग की) बरामद की है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 5 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12:20 बजे थाना कटघर क्षेत्र के रेलवे ट्रैक के पास डबल फाटक इलाके में की गई। मामले की सूचना उसी दिन दोपहर 1:39 बजे दर्ज की गई। इस संबंध में मु0अ0सं0 172/2026 के तहत धारा 318 (4), 317 (2), 317(4), 317 (5) बीएनएस 2023 में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नदीम उर्फ डाक्टर पुत्र महबूब अली, निवासी जयन्तीपुर, पानी की टंकी के पास, थाना मझौला, जनपद मुरादाबाद, उम्र करीब 29 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को उस समय दबोचा जब वह चोरी की मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध अवस्था में घूमता मिला। पुलिस जांच में सामने आया है कि बरामद की गई मोटरसाइकिल चोरी की है। आरोपी से इस संबंध में पूछताछ की गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक सुनील राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में उपनिरीक्षक अमर मलिक, कांस्टेबल 134 राधारमन तथा कांस्टेबल 108 उत्तम बालियान शामिल रहे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी नदीम उर्फ डाक्टर का आपराधिक इतिहास भी लंबा रहा है। उसके खिलाफ मुरादाबाद और आसपास के विभिन्न थानों में वाहन चोरी और संबंधित धाराओं में कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। इनमें थाना गलशहीद, कटघर, कोतवाली, मझौला तथा सम्भल के मुकदमे शामिल हैं। इससे साफ है कि आरोपी पहले से अपराध की दुनिया में सक्रिय रहा है और पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। कटघर पुलिस का कहना है कि आरोपी से और भी वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि उससे वाहन चोरी के अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किसी संगठित वाहन चोर गिरोह से जुड़ा है या अकेले ही वारदातों को अंजाम देता था। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## मुरादाबाद में शिवसेना पदाधिकारियों का सम्मेलन सम्पन्न, भ्रष्टाचार व जनसेवा के मुद्दों पर हुआ मंथन



**बुलंद मंजिल ब्यूरो**

**मुरादाबाद**। शहर के होटल पैराडाइज मानसरोवर में आज शिवसेना पदाधिकारियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपति शिवाजी महाराज, भारत माता एवं बालासाहेब ठाकरे के चित्रों पर माल्यार्पण तथा भगवा तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने जयघोष के साथ सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। सम्मेलन में शिवसेना पदाधिकारियों ने आम जनमानस की सेवा, शिव सैनिकों के उत्पीड़न, तथा विभिन्न विभागों में बढ़ते भ्रष्टाचार जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। साथ ही स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी विभागों में गरीब जनता के साथ हो रहे शोषण और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान युवा नेता शिबू पांडे और विद्यार्थी सेवा के युवा अध्यक्ष आकाश सिंह ने विद्यार्थियों के हितों की रक्षा, छात्र समस्याओं के समाधान और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को जागरूक करने के लिए विद्यालयों के बाहर विशेष जागरूकता कैंप लगाए जाएंगे, ताकि छात्र अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकें और अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि शिवसेना लगातार आम जनमानस की लड़ाई लड़ रही है और भविष्य में भी संगठन जनता के हर दुख-दर्द में उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि जनसेवा, संघर्ष और सामाजिक न्याय है। सम्मेलन के दौरान शिवसेना द्वारा एम्बुलेंस चालकों और ऑटो रिक्शा चालकों को भी बड़ी संख्या में संगठन से जोड़ा गया। जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने स्वयं उनके वाहनों पर शिवसेना का प्रतीक चिन्ह ह्यटाइगरह्न एवं भगवा ध्वज लगाकर उन्हें शिवसेना परिवार में शामिल किया। इस दौरान कई ऑटो चालकों ने औपचारिक रूप से शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की। वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि महानगर के प्रत्येक अस्पताल में ऑटो रिक्शा एवं एम्बुलेंस चालकों से संपर्क स्थापित कर ह्यशिवसेना ऑटो रिक्शा एवं एम्बुलेंस सेनाह्न का गठन किया जाएगा। इसके लिए शिव सैनिक सक्रिय रूप से कार्य करेंगे और इन चालकों के अधिकारों, समस्याओं और उत्पीड़न के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीरेंद्र अरोड़ा, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, आकाश सिंह, अरुण ठाकुर, मयंक सैनी, राहुल कुमार, पवन रोहिल्ला, चंचल भाई, गौरव रस्तोगी, जीतू भाई, राजीव राठौर, शिबू सैनी, अशोक सैनी, बादाम सिंह, दीपक, सुरेश सैनी, हर्ष सिंह, राजपाल, विक्की कश्यप, महेश सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# घर लौटते मजदूरों पर टूटा कहर तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंदा, एक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर





**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** चांदपुर क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। चांदपुर-फीना रोड पर स्थित डिग्री कॉलेज के पास तेज रफ्तार कार और बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव सिंगा निवासी अतुल (पुत्र विनोद) और रिंकू (पुत्र सुरेश) मजदूरी कर चांदपुर से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे डिग्री कॉलेज के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त कि मौके पर मौत प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में अतुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और पुलिस ने घायल रिंकू को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। कार चालक मौके से फरार हादसे के बाद कार चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश तेज कर दी है। पुलिस ने शुरू की जांच थाना प्रभारी निरीक्षक चांदपुर राहुल सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक युवक की मौत हो चुकी है, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। तेज रफ्तार बनी जानलेवा चांदपुर क्षेत्र में लगातार बढ़ते सड़क हादसे एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के कड़े उपाय लागू करने की मांग की है। यह हादसा एक बार फिर चेतावनी देता है कि सड़क पर जरा सी लापरवाही किसी की जान ले सकती है। एक परिवार का सहारा छिन गया, जबकि दूसरा युवक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

# मिशन शक्ति का दमदार अभियान लालवाला गांव में पुलिस ने महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक, सुरक्षा का दिया भरोसा





**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर/हीमपुर दीपा ।** थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के ग्राम लालवाला में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं, बालिकाओं और बुजुर्गों को एकत्र कर उन्हें सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, उत्पीड़न और अन्य अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी डर के शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। साइबर सुरक्षा पर विशेष जानकारी छात्राओं और बालिकाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग और डेटा सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर साझा कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई– 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 102 व 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 101 (अग्निशमन सेवा) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील इस दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं–विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष और वन स्टॉप सेंटर योजना–के बारे में भी जानकारी दी गई और पात्र लोगों से इनका लाभ लेने की अपील की गई। पुलिस का संदेशः जागरूक बनें, सुरक्षित रहेंपुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है और इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक महिलाओं को जागरूक करें। मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के आत्मबल को बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इससे समाज में सुरक्षा, जागरूकता और विश्वास का माहौल मजबूत हो रहा है।

# स्वास्थ्य से खिलवाड़ चांदपुर में फर्जी पैथोलॉजी लैब का जाल, महंगी जांच और गलत रिपोर्ट से मरीजों की जिंदगी खतरे में

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध और फर्जी पैथोलॉजी लैब का जाल तेजी से फैलता जा रहा है, जिससे आम जनता की सेहत के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है। बिना किसी मान्यता और आवश्यक लाइसेंस के संचालित इन लैबों के खिलाफ लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बिना अनुमति के धड़ल्ले से चल रहीं लैब्स स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर बिना पंजीकरण के पैथोलॉजी लैब संचालित की जा रही हैं, जहां खून और अन्य जांच मनमाने दरों पर की जा रही है। इन लैबों में न तो मानक उपकरण हैं और न ही प्रशिक्षित स्टाफ, फिर भी मरीजों से मोटी रकम वसूली जा रही है। गलत रिपोर्ट से बिगड़ सकती है जान चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, बिना मान्यता प्राप्त लैबों से मिलने वाली रिपोर्ट पर भरोसा करना खतरनाक हो सकता है। गलत रिपोर्ट के आधार पर इलाज होने से मरीजों की हालत बिगड़ सकती है और कई मामलों में यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। बिना डिग्री के युवक कर रहे सैंपल कलेक्शन आरोप है कि कई लैब संचालकों ने बिना प्रशिक्षित युवकों को काम पर लगाया हुआ है, जो घर-घर जाकर खून के सैंपल ले रहे हैं। इसके बाद लैपटॉप के जरिए रिपोर्ट तैयार कर मरीजों को भेज दी जाती है। यह पूरी प्रक्रिया न केवल अवैध है, बल्कि स्वास्थ्य मानकों के खिलाफ भी है। गरीब मरीजों का हो रहा शोषण इन फर्जी लैबों में गरीब और जरूरतमंद मरीजों से भी अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई लोग मजबूरी में सस्ती जांच के चक्कर में इन लैबों का सहारा लेते हैं और बाद में गलत रिपोर्ट के कारण और ज्यादा परेशानी झेलते हैं। स्वास्थ्य विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध रूप से संचालित लैबों को तत्काल बंद कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। बड़ा खतरा बनता जा रहा फर्जी नेटवर्क चांदपुर में फैलता यह फर्जी पैथोलॉजी नेटवर्क स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह आम जनता के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। जहां एक ओर सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर फर्जी लैबों का बढ़ता जाल इन दावों पर सवाल खड़ा कर रहा है। अब जरूरत है कि प्रशासन सख्त कदम उठाकर इस गोरखधंधे पर पूरी तरह लगाम लगाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# गैस की कालाबाजारी के आरोप में भाकियू का इंडेन गैस एजेंसी पर धरना, आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त




**दैनिक बुलंद मंजिल**
**गुलफाम राजा**

**नूरपुर।** रविवार को नगर नूरपुर स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकताओं ने गैस सिलेंडरों की कथित कालाबाजारी को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग एजेंसी पर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि पिछले एक माह से गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है। लोग सुबह 3-4 बजे से लाइन में खड़े रहते हैं, इसके बावजूद कई उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पाता। भाकियू कार्यकताओं ने एजेंसी पर कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए कहा कि आम उपभोक्ताओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान एजेंसी प्रबंधक विशेष राणा मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग हो चुकी है और डीसी नंबर जारी हो गया है, उन्हें 24 घंटे के भीतर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण के लिए 45 दिन की समय-सीमा निर्धारित है और किसी भी उपभोक्ता को असुविधा नहीं होने दी जाएगी।प्रबंधक के आश्वासन के बाद भाकियू कार्यकताओं ने धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस दौरान डॉ. इशरत अली वारसी, विनीत धनकड़, कफील सैफी, लोकेश कुमार, दुश्मन कुमार, प्रधान कावेन्द्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बिजनौर में सियासी तूफान पर शिवसेना की हुंकार


**सपा नेताओं के बयानों पर नहीं लगी रोक तो होगी हिंदू महापंचायत, सड़कों पर उतरेगा जनआक्रोश**




**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर ।** चांदपुर स्थित बसंती देवी धर्मशाला में शिवसेना की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में चल रहे विवादों और बढ़ते राजनीतिक तनाव को लेकर कड़ा रुख अपनाया गया। बैठक की अध्यक्षता पंडित नरेश कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री शोभित गुर्जर द्वारा किया गया। बैठक में बोलते हुए शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने जिले में चल रहे रॉबिन चौधरी, भारतेंदु सिंह, खालिद और तालिब से जुड़े विवाद को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कुछ सपा नेता अपने भड़काऊ बयानों से जिले के माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे सामाजिक तनाव बढ़ने की आशंका है। प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग शिवसेना नेताओं ने शासन-प्रशासन से मांग की कि ऐसे बयानों पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनी रह सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो हालात बिगड़ सकते हैं। हिंदू महापंचायत की चेतावनी जिला प्रमुख ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सपा नेताओं के बयानों पर रोक नहीं लगी, तो शिवसेना ह्लहिंदू संघर्ष समितिह्व का गठन करेगी और सभी हिंदू संगठनों को साथ लेकर बिजनौर में एक विशाल हिंदू महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। न्याय व्यवस्था पर उठाए सवाल बैठक में एक सपा विधायक के कथित बयान पर भी नाराजगी जताई गई। शिवसेना नेताओं ने सवाल उठाते हुए कहा कि ह्लक्या गरीब का बेटा इंसाफ का हकदार नहीं है?ह्व उन्होंने आरोप लगाया कि रॉबिन पर हुए कथित जानलेवा हमले के बावजूद आरोपियों पर हल्की कार्रवाई कर उन्हें जल्द जमानत दे दी गई, जो न्याय प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है। आंदोलन की चेतावनी शिवसेना ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द सख्त कदम नहीं उठाए, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी और जनसमर्थन के साथ विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा। बैठक में मौजूद पदाधिकारी इस अवसर पर मुकेश लंबा, भूपेंद्र कुमार, दिनेश तोमर, धर्मवीर सिंह तोमर, योगेश, राहुल, अरुण सैनी, मनीष सैनी, राहुल त्यागी, राजीव अहलावत, बंटी शरावत, संदीप चौहान, प्रियांशु चौधरी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बिजनौर में बढ़ते सियासी विवाद अब गंभीर रूप लेते नजर आ रहे हैं। शिवसेना की चेतावनी के बाद प्रशासन पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और विवादित बयानों पर नियंत्रण लगाने का दबाव बढ़ गया है। आने वाले दिनों में यह मुद्दा और तूल पकड़ सकता है।

# बढ़ता मोटापा बना साइलेंट खतरा 15-49 उम्र के हर चौथे पुरुष पर असर, महिलाएं भी पीछे नहीं





**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर ।** देश में मोटापा अब एक ह्लसाइलेंट महामारीह्व का रूप लेता जा रहा है, जो धीरे-धीरे लोगों की सेहत को अंदर ही अंदर नुकसान पहुंचा रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार 15 से 49 वर्ष की आयु वर्ग में 23% पुरुष और 21% महिलाएं मोटापे का शिकार हैं, जो चिंता का विषय बनता जा रहा है। उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता खतरा विश्लेषण से साफ है कि उम्र के साथ मोटापा तेजी से बढ़ रहा है– 20 से 29 वर्ष के 17% लोग मोटापे से ग्रसित 30 से 39 वर्ष के 32% लोग प्रभावित 40 से 49 वर्ष के 37% लोग मोटापे के शिकार विशेषज्ञों का कहना है कि जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शारीरिक गतिविधियां कम होती जाती हैं और खानपान में लापरवाही बढ़ जाती है, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है। शहरों में ज्यादा असर, गांव भी अछूते नहीं आंकड़े बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में मोटापा तेजी से फैल रहा है, जहां 33% आबादी ओवरवेट है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह आंकड़ा 20% तक पहुंच चुका है। बदलती जीवनशैली, जंक फूड का बढ़ता चलन और शारीरिक श्रम की कमी इसके प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। बीमारियों की जड़ बन रहा मोटापा डॉक्टरों के अनुसार मोटापा केवल वजन बढ़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है, जैसे– हृदय रोग मधुमेह उच्च रक्तचाप जोड़ों में दर्द फैटी लिवर जैसी समस्याएं विशेषज्ञों की चेतावनी स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मोटापे पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह आने वाले समय में स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी बोझ बन सकता है। क्या करें बचाव के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार लें रोजाना कम से कम 30-45 मिनट व्यायाम करेंफास्ट फूड और मीठे पेय पदार्थों से दूरी बनाएं नियमित स्वास्थ्य जांच कराएंपर्याप्त नींद और तनाव नियंत्रण पर ध्यान दें जागरूकता ही बचाव विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापा धीरे-धीरे बढ़ने वाली समस्या है, जिसे सही समय पर रोका जा सकता है। इसके लिए लोगों को अपनी जीवनशैली में बदलाव लाने की जरूरत है। मोटापा आज के समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन चुका है। यदि अभी से सतर्कता नहीं बरती गई, तो आने वाले वर्षों में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर ही इस ह्लखामोश खतरेह्व से बचा जा सकता है।

# वरिष्ठ पत्रकार से मारपीट के विरोध में पत्रकार एसोसिएशन का नूरपुर थाने पर घेराव



**दैनिक बुलंद मंजिल**
**गुलफाम राजा**

**नूरपुर।** वरिष्ठ पत्रकार के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर क्षेत्र के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भानूप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पत्रकारों ने नूरपुर थाने का घेराव कर विरोध जताया। इस दौरान पत्रकारों ने चेतावनी दी कि पत्रकारों के साथ किसी भी प्रकार की बदसलूकी या मारपीट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पीड़ित पत्रकार विजेन्द्र शर्मा (दैनिक जागरण, राजा का ताजपुर) ने बताया कि गांव का एक व्यक्ति आए दिन शराब के नशे में हंगामा करता है। दो दिन पूर्व उक्त व्यक्ति ने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की थी, जिसकी सूचना उन्होंने ताजपुर चौकी पुलिस को दी थी। पुलिस ने आरोपी का शांति भंग में चालान कर दिया, लेकिन रिहा होने के बाद आरोपी ने अगले ही दिन फिर से शराब के नशे में आकर विवाद किया और धमकी दी। पत्रकार का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसकी हरकतों से क्षेत्र के लोग भी परेशान हैं।जिलाध्यक्ष भानूप्रकाश शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर न्याय की मांग की।

# चांदपुर मे राशन कार्ड विवाद में महिला अधिवक्ता ने खाद्य अधिकारी पर लगाए अभद्रता और धमकी के गंभीर आरोप



**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** में राशन कार्ड में यूनिट बढ़ाने को लेकर शुरू हुआ एक मामूली विवाद अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। क्षेत्र की एक महिला अधिवक्ता ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पर अभद्र व्यवहार और धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

**अधिवक्ता ने लगाए गंभीर आरोप**

चांदपुर निवासी अधिवक्ता तहसीन फातिमा, जो तहसील में प्रैक्टिस करती हैं, ने बताया कि उनकी परिचित शाइस्ता परवीन के परिवार में छह सदस्य हैं, लेकिन राशन कार्ड में केवल चार ही सदस्यों के नाम दर्ज हैं। बाकी दो बच्चों के नाम जुड़वाने के लिए 28 मार्च को खाद्य आपूर्ति कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया गया था।

**कार्यालय के चक्कर, फिर भी नहीं हुआ समाधान**

अधिवक्ता का आरोप है कि वह कई बार कार्यालय के चक्कर लगा चुकी हैं, लेकिन हर बार अधिकारियों द्वारा मामले को टाल दिया जाता रहा। शनिवार को जब वह इस संबंध में अधिकारी से मिलने पहुंचीं, तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उन्हें धमकाया गया।

**उच्च अधिकारियों से शिकायत**

मामले को गंभीर बताते हुए अधिवक्ता ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में रणविजय सिंह (सीडीओ) से भी इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।

**प्रशासन पर उठे सवाल**

इस घटना के बाद आम जनता में भी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि एक अधिवक्ता के साथ इस प्रकार का व्यवहार हो सकता है, तो आम नागरिकों की स्थिति क्या होगी। राशन कार्ड जैसी जरूरी सुविधा को लेकर उत्पन्न यह विवाद प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना होगा कि शिकायत के बाद जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होती है और पीड़ित को न्याय मिल पाता है या नहीं।

CMYK

# इब्राहीमपुर साधी विद्यालय का वार्षिक उत्सव बना आकर्षण का केंद्र

## सीओ अभय कुमार पांडेय ने वार्षिक उत्सव में शिक्षा, सुरक्षा और संस्कार का दिया संदेश



**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**मौहम्मद फैजान**

**नहटौर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय इब्राहीमपुर साधी में आयोजित वार्षिक उत्सव रविवार को शिक्षा, संस्कृति और उत्साह का संगम बन गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, वहीं बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय पांडे और खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षाप्रद, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, गीत और नाटक ने दर्शकों का मन मोह लिया और तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा।कक्षा 6 में नव प्रवेशित 20 बच्चों का वेलकम किट देकर स्वागत किया गया, जिससे बच्चों में विद्यालय के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ता नजर आया। वहीं कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई, जिससे माहौल भावुक हो गया और शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान सीओ अभय पांडे ने शिक्षा और सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विद्यालय को क्षेत्र का उत्कृष्ट संस्थान बताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कंप्यूटर लैब का भी उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि विजेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने लैब को पीवीसी फ्लोरिंग से सुसज्जित कराया है और पहले भी स्मार्ट टीवी व कंप्यूटर भेंट किए हैं। अंत में अतिथियों ने रिबन काटकर लैब का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों– आरिफा, बीना राठी, मुनीश कुमार, मनोज कुमार और रामनाथ सिंह का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर एकेडमिक रिसर्च पर्सन सुखवीर सिंह, अभिषेक भटनागर, ग्राम प्रधान इकबाल हुसैन, पूर्व प्रधान इरशाद अहमद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महर्षि कश्यप का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**दैनिक बुलंद मंज़िल / सलीम हैदर**

**बरूकी।** क्षेत्र के ग्राम सिसौना जट में महर्षि कश्यप का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ वैदिक परंपराओं के साथ पंडित सुरेश शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान महर्षि कश्यप, राजा निषादराज एवं देवऋषि कालू बाबा धीवर की शोभा यात्रा पूरे गांव में निकाली गई। कार्यक्रम में जसराम सिंह कश्यप, जुगनू कश्यप,वीर सिंह कश्यप, संजीव कश्यप, मानसिंह कश्यप, अरविंद कुमार कश्यप,सोनू कश्यप, वीरेंद्र सिंह कश्यप, कलवा सिंह कश्यप, राजवीर सिंह कश्यप, राजपाल सिंह कश्यप, अमित कश्यप, राहुल कश्यप, विशेष कश्यप ,विपिन कश्यप, सरवन कश्यप , राजेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

# प्राचीन शिव मन्दिर पर हवन यज्ञ का किया गया आयोजन



**दैनिक बुलंद मंज़िल / सलीम हैदर**

**कोतवाली देहात।** सप्त ऋषि महर्षि कश्यप जी के प्रकोटतसव पर ग्राम शादीपुर के प्राचीन शिव मन्दिर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।यज्ञ में काफी संख्या में लोगों ने आहुति दी। इस अवसर पर कश्यप ऋषि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्राचीन शिव मंदिर पर आयोजित हवन यज्ञ पंडित सुशील शर्मा जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य संपन्न कराया। मुख्य यजमान शिवकुमार कश्यप तथा उनकी पत्नी जयमाला कश्यप रहीं। इस पावन अवसर पर शिवकुमार कश्यप ने समाज के लोगों से महर्षि कश्यप जी के बताए रास्तों पर चलने का भी आहवान किया। उन्होंने ये भी आवहान कि अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाएं। ताकि हमारा आगे बढ़ सके।हवन यज्ञ में दिनेश कश्यप, कुडवा कश्यप, रामबहादुर कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, दिक्षित कश्यप, नवनीत कश्यप, राजपाल कश्यप, कोमल कश्यप, कमल कश्यप, सौरभ कश्यप, राजोपुर से कुशलपाल सिंह कश्यप, सोनू कश्यप,आदि मौजूद रहे।

# अवैध लकड़ी कटान मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**दैनिक बुलंद मंज़िल/**
**मौहम्मद फैजान**

**अफजलगढ़।** पुलिस ने अवैध रूप से लकड़ी कटान के मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई मु0अ0सं0 65/2026 के तहत की गई, जिसमें विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 02 अप्रैल 2026 को वन दरोगा नरेश कुमार द्वारा थाना अफजलगढ़ में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि कुछ लोग अवैध रूप से जंगल से लकड़ी काट रहे थे। जब उन्हें रोका गया, तो आरोपियों ने अभद्र व्यवहार किया, सरकारी कार्य में बाधा डाली और जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वांछित आरोपी शमशेर सिंह पुत्र विक्रम सिंह, निवासी ग्राम मलोनी, थाना रेहड़, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 04 कुंतल जलौनी लकड़ी तथा एक छोटा हाथी टेंपो (वङ06उअ1149) भी बरामद किया है।माल बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराओं की बढ़ोतरी की गई है और अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है।इस गिरफ्तारी अभियान में थाना अफजलगढ़ के थाना अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी सहित उपनिरीक्षक मनवीर सिंह, उपनिरीक्षक शिवम त्यागी और अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।पुलिस द्वारा आगे की आवश्यक विधिक कार्यवाही जारी है।

# बरेली में भीषण सड़क हादसा, 4 लोगों की मौत

## टैंकर से टक्कर के बाद बोलेरो आधी खत्म, गाड़ी काटकर निकाले शव

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बरेली।** हाइवे किनारे बड़ा बाईपास स्थित खड़े टैंकर से एक तेज रफ्तार बोलेरो टकरा गई। जिसके बाद पीछे से आ रही एक बाइक बोलेरो से टकरा गई। इस जोरदार टक्कर से बोलेरो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें फंसे लोगों को निकालने के लिए गाड़ी को काटना पड़ा। उसमें सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार दो लोगों की भी मौके पर ही मौत हो गई, वहीं इस हादसे में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। उन्हें जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है बोलेरो लखनऊ से दिल्ली की ओर जा रही थी। उसी रूट पर टैंकर पहले से खड़ा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पांचों शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना रविवार दोपहर बाद करीब 4 बजे सीबीगंज थाना क्षेत्र में परधोली गांव के पास हुई। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस ने मृतकों के पास से मिले दस्तावेज के आधार पर उनके परिवार को जानकारी दे दी है।

**शनिवार शाम को इसी जगह हुआ था एक अन्य हादसा**

बरेली के सीबीगंज में बड़े बाईपास पर रविवार को हुए हादसे में तीन वाहन भिड़ने से पांच लोगों की मौत हो गई। इससे पहले शनिवार शाम के बख्त परधौली तिराहे के पास बाईपास पर ही शीरे से भरे टैंकर की रोडवेज बस से भिड़ंत हो गई थी। उसके बाद से टैंकर हाईवे किनारे खड़ा था। रविवार शाम इसी टैंकर से लखनऊ दिशा से आ रही गोरखपुर नंबर की बोलेरो कार टकरा गई। इसी दौरान पीछे से पास के गांव से आ रही तेज रफ्तार बाइक भी बोलेरा में घुस गई। इससे बाइक सवार दो लोगों व बोलेरो सवार तीन लोगों की मौत हो गई और तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाएं चारागाह की जमीन कब्जामुक्त कराकर, हरे चारे का करें इंतजाम



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**सम्भल/गुन्नौर।** सभागार में पशुपालन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत मंत्री द्वारा संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करें। अस्थायी रूप से गौशाला स्तर पर भूसा बैंक बनाना सुनिश्चित करे। भूसा टेण्डर प्रक्रिया को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संबंधितो को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक गौ आश्रय स्थल पर लगभग 10 कुंतल भूसा उपलब्ध रहे। भूसा दान प्रक्रिया को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष तथा ब्लॉक प्रमुख आदि जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। भूसा का उचित प्रबंध किया जाए। गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराकर उसमें हरा चारा को उपजाया जाए। कोई भी गोवंश गौशाला में भूखा न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। गौशालाओं का उचित संरक्षण हो। नस्ल सुधार पर भी कार्य किया जाए। किसानों को गायों के कृत्रिम गभार्धान के लिए प्रेरित किया जाए। गौवंशों को संक्रामक रोग न फैले इस पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा खुरपका मुंहपका के टीकाकरण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मंत्री ने कहा कि बधियाकरण पर भी ध्यान दिया जाए। लू से बचाव के लिए भी उपाय किये जाएं तथा गौशालाओं में गोबर गैस प्लांट तथा वर्मी कम्पोस्ट को लेकर भी निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा पशु चिकित्सा अधिकारी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकाली गई महर्षि कश्यप जयंती यात्रा





**दैनिक बुलंद मंज़िल /सलीम हैदर**

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के गांव बरुकी में महर्षि कश्यप की जयंती पर बरूकी के काशीपुरनी मंदिर से महर्षि कश्यप की मूर्ति एवं झांकियों के साथ बड़े धूमधाम से जुलूस निकाला गया अपने निर्धारित रोड से होते हुए काशीपुरी मंदिर पर जाकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर कश्यप समाज के आनंद कश्यप, अरुण कश्यप, खजान कश्यप, घिस्सा कश्यप, राकेश कश्यप, रूपचंद कश्यप, सूरज कश्यप, सूरजपाल कश्यप, रामचंद्र कश्यप ग्राम प्रधान पति भूपेंद्र उर्फ. सोनू पाल, बृजेश चौधरी काकरान , देवराज सिंह युवराज हिरनवाल सुरज कश्यप डॉक्टर बीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य बोले-मोहन भागवत शादी कर बच्चे क्यों नहीं पैदा करते

## विपक्ष के समर्थन और युद्ध के मुद्दे पर बेबाकी से रखी अपनी बात



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बरेली।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को बरेली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कई बड़ी बातें कहीं, उन्होंने संघ प्रमुख के 3 बच्चे पैदा करने वाले बयान से जुड़े सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि 'हमने तो कहा था कि मोहन भागवत और उनके प्रचारक आएं, विवाह करें, बच्चे पैदा करें, जनसंख्या बढ़ाएं। एक तरफ सरकार कह रही है कि जनसंख्या विस्फोट हो रहा। दूसरी तरफ, ये लोग जनसंख्या बढ़ाने की बात करते हैं। अगर संख्या बढ़नी इतनी ही जरूरी है तो आप शादी करके बच्चे पैदा क्यों नहीं करते। दूसरों पर बोझ क्यों लादते हो। पहले खुद करो, फिर दूसरों से कहो।' दरअसल मोहन भागवत कई बार कह चुके हैं कि हिंदुओं के लिए तीन बच्चे पैदा जरूरी हो गया है, इसी को लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को ये बयान दिया।

**विपक्ष के समर्थन के सवाल पर बोले शंकराचार्य**

विपक्ष का समर्थन करने के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि सत्ता पक्ष कहता है कि हम विपक्ष के साथ हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप हमारी बात सुनें। शंकराचार्य ने कहा कि मैंने सरकार को गो-माता के मुद्दे पर कानून लाने के लिए मोहलत दी थी, लेकिन मेरी बात नहीं सुनी गई। मैं विपक्ष के नेताओं से कहूंगा कि गो-माता के मुद्दे पर वोट करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। जनता से कहना चाहूंगा कि वे गो-माता की रक्षा के मुद्दे पर वोट करें। उन्होंने कहा कि जैसे ही चुनाव नजदीक आएगा लव जिहाद-धर्मांतरण जैसे तमाम मुद्दे ध्यान भटकाने के लिए सामने लाए जाएंगे, लेकिन जनता को डायवर्ट नहीं होना है। उन्हें सिर्फ अपने मुद्दों पर ही वोट करना है। हिंदू धर्म में गो-माता का बड़ा महत्व है। जब भी हिंदुओं के घरों में रोटी बनती है तो पहली रोटी गो-माता को ही खिलाई जाती है, सरकार अगर गो-माता की रक्षा के लिए कानून बनाएं तो हम उन साथ खड़े हो जाएंगे। मैं पक्ष-विपक्ष किसी के साथ नहीं हूं। जो भी हमारी बात सुनेगा। उसके साथ खड़ा हो जाऊंगा।

**युद्ध के मामले पर बेबाकी से रखी अपनी बात**

देवभूमि इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- जब युद्ध होता है तो हमेशा दो पक्ष होते हैं, उसमें एक न्याय और दूसरा अन्याय का होता है। जैसे आज एक पक्ष अमेरिका और इजराइल तो दूसरा ईरान है। आश्चर्य है कि पूरी दुनिया के विद्वान इस मुद्दे पर मौन हैं। ये मानवता के प्रति अपराध है। शंकराचार्य ने कहा कि युद्ध पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्या रिएक्शन रहा। इस पर मैं कुछ भी नहीं कहना चाहूंगा, लेकिन एक विद्वान का ये दायित्व होता है कि उसे बताना चाहिए कि ये व्यक्ति अन्याय कर रहा है और ये व्यक्ति अन्याय सह रहा है, क्योंकि युद्ध में दोनों अच्छे पक्ष नहीं हो सकते है। उन्होंने कहा कि भारत शुरू से गुट निरपेक्ष देश रहा है। भारत कभी भी युद्ध में किसी के साथ खड़ा नहीं हुआ। ये पहला अवसर है, जब प्रधानमंत्री जी के मौन के कारण लोगों के मन में ये सवाल उठ रहा है कि वे शायद किसी के पक्ष में खड़े हैं। शंकराचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री खुलकर यहूदियों के पक्ष में हैं। यह बात हमें चिंता में डालती है। क्या भारत यहूदियों के जाल में फंस रहा है ? युद्ध की वजह से गैस सिलेंडर की किल्लत है, लेकिन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को इसका एहसास नहीं है, क्योंकि उनके आवास की न बिजली जाती है। न ही राशन की कमी होती है। उनके लिए तो सब चंगा है, लेकिन जनता त्रस्त है।

**बरेली को बताया धर्म नगरी, कहा - यहां आकर मुझे अच्छा लगा**

शंकराचार्य ने आगे कहा कि हम वाराणसी से चलकर दिल्ली होते हुए ऋषिकेश जा रहे हैं। भगवान बद्रीनाथ जी का ग्रीष्मकालीन पट खुलने वाला है। उसके लिए परंपरा के अनुसार जो ज्योति के तेल का घड़ा है, वह राज परिवार की तरफ से ऋषिकेश आया है। अब ऋषिकेश से 8 अप्रैल को उसको बद्रीनाथ जी के लिए ज्योर्तिमठ होते हुए रवाना किया जाएगा। ये परंपरा है। उन्होंने बताया- इस बार जो समिति है, उन्होंने हमसे निवेदन किया था कि आप आइए। हम उसके लिए जा रहे हैं। जाते समय हमारे मन में यह बात आई कि बरेली धर्म-नगरी है। यहां के विद्वानों ने जिस तरह से सनातन धर्म के प्रति लोगों को सदा से जोड़ रखा है। वो हमें अच्छा लगता है। इसलिए हम बरेली में रुके हैं।

# हिंदू रक्षादल के जिला उपाध्यक्ष आकाश राजपूत का नाम अफीम की तस्करी करने वाले गैंग में सामने आया

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बरेली।** थाना बारादरी पुलिस द्वारा अफीम की तस्करी करने वाले एक आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना दी गई है। जिसमें थाना बारादरी पुलिस द्वारा बताया गया कि 2-3 अप्रैल की रात गश्त के दौरान रेलवे ग्राउंड के पास से आरोपी की गिरफ्तारी की गई है, गिरफ्तार आरोपी का नाम प्रमोद (26 वर्ष), पुत्र बेचेलाल, निवासी राधे नगर निसोई, थाना बिशारतगंज, बरेली है, इसी के साथ फरार आरोपी आकाश, पुत्र वीरपाल, निवासी ग्राम मऊ चन्दपुर, थाना आंवला, जिला बरेली की बरामदगी और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने अपना खुफिया तंत्र एक्टिव कर दिया है। गिरफ्तार आरोपी से 389 ग्राम अवैध अफीम, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 07 लाख रुपये बताई गई है के साथ एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यूपी 25 डीक्यू 2059 बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना बारादरी में 395/2026 के तहत धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी प्रमोद ने बताया है कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। उसके मौसेरे भाई आकाश ने उसे अधिक पैसे कमाने का लालच दिया था और अपनी मजबूत राजनीतिक पकड़ का आश्वासन देकर उसे माल बेचने के लिए भेजा था। थाना बारादरी पुलिस द्वारा इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक धनंजय पाण्डेय, उप निरीक्षक राजीव प्रकाश और कांस्टेबल आशीष कुमार मिश्र, राहुल कुमार, सिद्धान्त चौधरी के साथ आदित्य प्रताप सिंह शामिल रहे।

# लूट का खुलासा करने पर उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधि ने पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित 12 पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित


**दैनिक बुलंद मंज़िल/**
**सलीम हैदर**


**कोतवाली देहात।** 15 दिन पूर्व कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक सरार्फा व्यापारी से हुई लूट का शीघ्र खुलासा करने पर उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधि ने में पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना सहित 12 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया तथा उनके सम्मान में रात्रि भोज भी कराया थाना प्रांगण में हुए भव्य पुलिससम्मान समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह ने कहा की पुलिस ने गत दोनों मंगलपुर निवासी हाजी अमीनुद्दीन जो कोतवाली देहात में शराब की दुकान करते हैं वह दुकान बंद कर शाम के समय अपने गांव जा रहे थे कि रास्ते में मिलक कददूश के पास सरार्फा व्यापारी से5000 की नकदी व दुकान की चाबी अन्य जरूरी कागज दो मोटरसाइकिल पर सवार चार बदमाशों ने तमंचे की नोक पर छीन लिए थे पुलिस ने लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित कर सर्विसलांस की मदद से क्षेत्र में लगे 150 सीसीटीवी खगालनेके बाद घटना का खुलासा कर दिया गया था जिसमें एक व्यक्ति सरार्फा व्यापारी का रिश्तेदार का नाम भी प्रकाश में आया पुलिस ने जब गहन पूछताछ की तो अन्य लुटेरे पकड़ में आ गये थे। घटना का शीघ्र व सही खुलासा करने के पर क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी एवं पूर्व थाना अध्यक्ष प्रवेज कुमार तथा वर्तमान थाना अध्यक्ष विकास कुमार कस्बा इंचार्ज अनिल राणा सहित पुलिसकर्मियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया सहित इस अवसर पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी नगीना ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा करना हमारा दायित्व है पुलिस और व्यापारियों में एक भाई जैसा व्यवहार होना चाहिए उन्होंने कहा कि व्यापारियों को भी चाहिए यह किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से किसी प्रकार का कोई सामान ना खरीदा जाए क्योंकि व्यापारी भी इतना दोषी है जितना की एक अनैतिक कार्य करने वाला व्यक्ति वह भी कहीं ना कहीं चोरी करके सस्ते दामों पर बेचता है और सामान को बाजार में एक दो व्यापारी ऐसे होते हैं की स्वस्थ गांव पर खरीद लेते हैं ऐसे लोगों की सूचना तुरंत थाने को देनी चाहिए उन्होंने यह भी कहा की हर व्यापारी के नंबर बीट के सिपाही पर होने चाहिये इस मौके पर आजम जेदी, अंकित प्रजापति, मुकेश त्यागी, भूरे ठेकेदार व लईक कुरैशी सतपाल सिंह आदि।

# स्मार्ट मीटर पर बवाल चांदपुर में बिजली कटौती से हाहाकार, जबरन प्रीपेड पर केंद्र का बड़ा बयान

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** चांदपुर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब आम जनता के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली आपूर्ति अनियमित हो गई है और बिना सूचना अचानक कटौती से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिना सूचना बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार मीटर में बिजली सप्लाई दिखती है, लेकिन घरों तक करंट नहीं पहुंचता, जिससे अचानक अंधेरा छा जाता है। इससे घरेलू कार्य, बच्चों की पढ़ाई और छोटे व्यापार प्रभावित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें यह भी नहीं बताया जाता कि बिजली कब और क्यों काटी गई। तकनीकी खामियों ने बढ़ाया






आक्रोश स्मार्ट मीटर में बार-बार आ रही तकनीकी समस्याओं के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत करने के बावजूद समय पर समाधान नहीं मिल पाने से उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। किसान संगठनों की चेतावनी इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के किसान संगठनों ने भी नाराजगी जताई है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। जबरन प्रीपेड मीटर पर केंद्र का सख्त रुख इसी बीच केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लोकसभा में बड़ा बयान देते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं की सहमति के बिना बिजली मीटर को प्रीपेड मोड में बदलना गैरकानूनी है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि–

स्मार्ट/प्रीपेड मीटर लगाने के लिए उपभोक्ता की सहमति जरूरी है

जबरन मीटर बदलना नियमों के खिलाफ है

प्रीपेड मीटर केवल एक विकल्प है, अनिवार्य नहीं

सीरियल डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के लिए इसे लागू किया जा सकता है

कानूनी प्रावधान का हवाला

मंत्री ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का हवाला देते हुए बताया कि यदि उपभोक्ता स्वयं प्रीपेड मीटर चाहता है, तो बिजली कंपनी को यह सुविधा देनी होगी, लेकिन इसे जबरन लागू नहीं किया जा सकता।

प्रीपेड मीटर के बताए फायदे

सरकार के अनुसार प्रीपेड मीटर से–

बिल भुगतान में पारदर्शिता

बकाया राशि की आसान किस्तें

मोबाइल ऐप से खपत की निगरानी

जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

विभाग की सफाई

वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लगाए जा रहे हैं और इससे बिलिंग सिस्टम बेहतर होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि समय पर बिल भुगतान न करने पर नियमानुसार कनेक्शन काटा जा सकता है।

उपभोक्ताओं की प्रमुख मांगें

स्मार्ट मीटर की तकनीकी खामियां जल्द दूर की जाएं

बिना सूचना बिजली कटौती पर रोक लगे

उपभोक्ताओं को सही और समय पर जानकारी दी जाए

जबरन प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद की जाए

प्रशासन के सामने चुनौती

स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ता विरोध प्रशासन के लिए चुनौती बनता जा रहा है। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो यह मुद्दा बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

एक ओर सरकार स्मार्ट मीटर को आधुनिक व्यवस्था का हिस्सा बता रही है, वहीं जमीनी हकीकत में उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में अब प्रशासन और विभाग के लिए जरूरी हो गया है कि वे तुरंत समाधान निकालकर जनता को राहत दें।

# नगीना में मुठभेड़ के बाद दो गौकश गिरफ्तार, दो दर्जन मुकदमों के है शातिर अपराधी

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**यासिर शम्सी।**



**नगीना।** तुख्मापुर जंगल क्षेत्र में गौकशी की तैयारी कर रहे दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कार्रवाई में दोनों आरोपी घायल हो गए,जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।पुलिस को रविवार रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि तुख्मापुर के जंगल में कुछ लोग गौकशी की घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं।सूचना पर थाना नगीना पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। इसी दौरान सामने से आ रही एक संदिग्ध कार और उसके आगे चल रही बाइक को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया।पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने लगा,लेकिन बाइक फिसलकर गिर गई। पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर बाइक सवार के पैर पर चढ़ गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।इसी बीच कार सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास किया।पुलिस की जवाबी कार्रवाई में कार सवार बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।पूछताछ में उन्होंने अपने नाम वाहिद उर्फ टल्ली और अल्ताफ निवासी मोहल्ला कलालान,नगीना बताए। दोनों आरोपी थाना नगीना के हिस्ट्रीशीटर हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा,कारतूस,पशु वध के उपकरण,एक कार और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।इसके अलावा दो कट्टों में करीब 55 किलो गौवंशीय मांस और अवशेष भी मिले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे जंगल में घूमने वाले गौवंशीय पशुओं को पकड़कर उनका वध करते थे और मांस बेचते थे।रविवार रात भी उन्होंने एक गाय को पकड़कर जंगल में वध किया था और मांस लेकर जा रहे थे,तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।वाहिद उर्फ टल्ली पर करीब 25 और अल्ताफ पर 24 मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं।सफल गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम का थाना प्रभारी अवनीत मान के नेतृत्व में जोगेन्द्र सिंह बैसला,प्रशान्त कुमार,सर्वेश खान,सुकरमपाल राणा समेत पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

# नगीना में यातायात पुलिस सख्त, नियम तोड़ने पर 90 वाहनों के चालान

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**यासिर शम्सी।**

**नगीना।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए नगीना में यातायात पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है।रविवार को यातायात पुलिस के टीएसआई अरविंद कुमार तिवारी के नेतृत्व में शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान डबल फाटक ,चित्तौड़गढ़ चौकी,बुंदकी तिराहा, रामलीला तिराहा,रेलवे स्टेशन रोड और रोडवेज बस स्टैंड सहित कई स्थानों पर चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों की अवहेलना कर रहे दो पहिया और चार पहिया वाहनों के खिलाफ



कार्रवाई करते हुए कुल 90 चालान किए गए।चेकिंग के दौरान बिना सीट बेल्ट वाहन चला रहे कार चालकों के चालान किए गए,वहीं एक बाइक पर तीन सवारी बैठाकर चलने वालों पर भी कार्रवाई की गई।टीएसआई अरविंद कुमार तिवारी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया और कहा कि नियमों का पालन न करने पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।अचानक चले इस अभियान से वाहन चालकों में दिनभर हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# स्टीयरिंग जाम होने से सब्जी से भरा छोटा हाथी खंदक में पलटा, दो लोग घायल

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**यासिर शम्सी।**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के गांव तुखमापुर से नंदपुर जाने वाली सड़क पर रविवार को एक छोटा हाथी स्टीयरिंग जाम होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गया। हादसे में वाहन में सवार दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए।बताया गया कि छोटा हाथी सब्जी लेकर बेचने के लिए जा रहा था।इसी दौरान सामने आए एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में वाहन का स्टीयरिंग अचानक जाम हो गया,जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क से उतरकर खंदक में पलट गया।हादसे के बाद



मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए पलटे वाहन को सीधा कराया।गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई गंभीर घायल नहीं हुआ। मामूली चोट लगने के बाद दोनों सवार प्राथमिक उपचार के बाद अपने काम पर रवाना हो गए।

# परचून की दुकान पर हमला,युवक को लाठी चापड़ से किया घायल

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**यासिर शम्सी**

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के अकबराबाद में परचून की दुकान पर बैठे युवक पर दबंगों ने हमला कर दिया।आरोप है कि हमलावरों ने पहले गाली गलौज की और विरोध करने पर लाठी व धारदार हथियार से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।मोहल्ला काजियान, जामा मस्जिद अकबराबाद निवासी इमरान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 अप्रैल की शाम करीब 5:30 बजे उसका बड़ा भाई अम्मार नगीना रोड स्थित अपनी परचून की दुकान पर बैठा था।इसी दौरान मोहल्ले के ही आरिफ उर्फ जिया, इस्माइल और अमान वहां पहुंचे और आते ही गाली गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपियों ने अम्मार पर लाठी और चापड़ जैसे धारदार हथियार से हमला कर दिया,जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गया।घटना के बाद परिजन घायल को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर करवाई शुरू कर दी।

# बिथरी की सियासत में बड़ा धमाका, गिरधारी पप्पू की एंट्री तय, चुनाव लड़ने का ऐलान, बदलेंगे समीकरण

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर की राजनीति में रविवार को सियासी उथल पुथल रही। पीलीभीत बाईपास स्थित दिशा पैलेस में जुटी भारी भीड़ और नेताओं की मौजूदगी के बीच साफ संकेत मिला कि उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के पति चर्चित भाजपा नेता गिरधारी पप्पू अब बिथरी से चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके हैं। हालांकि पार्टी का खुलासा अभी बाकी है, लेकिन समर्थकों की जोरदार नारेबाजी और शक्ति प्रदर्शन ने इस संभावित दावेदारी को मजबूती दे दी है।

कार्यक्रम औपचारिक तौर पर मिलन समारोह बताया गया, लेकिन मंच और माहौल ने इसे पूरी तरह राजनीतिक बना दिया। धर्मेंद्र सिंह रिंकू साहू की अगुवाई में आयोजित इस सभा में समर्थकों ने खुलकर नारे लगाए गिरधारी पप्पू को बिथरी से लड़ाना है।

खास बात यह रही कि गिरधारी पप्पू खुद मौजूद नहीं थे, लेकिन उनके समर्थकों ने चुनावी ताल ठोकने का संदेश दे दिया।

सियासी गलियारों में हलचल, कई दलों के नेता एक मंच पर

सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की मौजूदगी ने इस आयोजन को और अहम बना दिया। पूर्व विधायक इस्लाम साबिर, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, भाजपा नेता डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी समेत कई चेहरे एक साथ नजर आए।

एक मंच पर अलग-अलग दलों के नेताओं की मौजूदगी ने बिथरी सीट को लेकर नए समीकरणों की चर्चा तेज कर दी है।

पार्टी सस्पेंस बरकरार, लेकिन तैयारी साफ

दिल्ली में मौजूद गिरधारी पप्पू ने फोन पर बातचीत में स्पष्ट किया कि वह बिथरी से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन पार्टी का फैसला अभी बाकी है।

उन्होंने कहा कि समर्थकों के आग्रह पर यह निर्णय लिया जा रहा है और जल्द ही औपचारिक घोषणा की जाएगी।

पुराना राजनीतिक अनुभव, नए समीकरणों की संभावनाएं

गिरधारी पप्पू लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहे हैं। जोगी नवादा से सभासद, मेयर चुनाव और उत्तराखंड की राजनीति में उनकी सक्रियता रही है।

उनकी पत्नी रेखा आर्या उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, जिससे उनकी राजनीतिक पकड़ और प्रभाव का अंदाजा लगाया जा रहा है।

बिथरी सीट पहले से ही चर्चाओं में रही है और अब उनकी संभावित एंट्री से मुकाबला और दिलचस्प होने की संभावना है।

सामाजिक और धार्मिक छवि भी मजबूत आधार

गिरधारी पप्पू का नाम सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं है। बाबा बनखंडीनाथ मंदिर से जुड़ाव, 400 गायों की सेवा और हर साल 101 बेटियों के विवाह जैसे कार्यों ने उनकी सामाजिक छवि को मजबूत बनाया है।

इसी आधार पर समर्थक उन्हें बिथरी से मजबूत दावेदार मान रहे हैं।

समर्थकों का उत्साह, बेटे ने संभाली कमान

कार्यक्रम के आयोजक धर्मेंद्र सिंह रिंकू साहू ने कहा कि उन्हें अपने पिता पर गर्व है और इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जुटना इस बात का संकेत है कि जनता बदलाव चाहती है।

उन्होंने सभी उपस्थित नेताओं और समर्थकों का आभार जताया।

# नगीना बार एसोसिएशन चुनाव मे अध्यक्ष पद पर काटे की टक्कर

**दीपक कुमार बिश्नोई एडवोकेट व टीकम सिंह एडवोकेट के बीच होगा अध्यक्ष पद का मुकाबला**












**दैनिक बुलंद मंजिल ब्यूरो**
**चीफ बिजनौर**

**बिजनौर /नगीना।** बार एसोसिएशन सन 2026 /27 का बार संघ नगीना का चुनाव दिनाक 9 अप्रेल 2026 को होना है अध्यक्ष पद व महासचिव पद पर चुनाव मे कांटे की टक्कर देखी जा रही है अध्यक्ष पद पर मजबूत दावेदार दीपक कुमार विश्नोई एडवोकेट दूसरी ओर से अध्यक्ष पद के टीकम सिंह एडवोकेट चुनाव मैदान में महासचिव पद के लिए नावेद इकराम एडवोकेट दूसरी ओर से शेख नईम अहमद( एडवोकेट ग्राम चंदनवाला) चुनाव मैदान में है कोष अध्यक्ष पद पर नरगिस जहाँ एडवोकेट दूसरी ओर रितु चौधरी एडवोकेट चुनाव मैदान मे है कोषाध्या पद पर चुनाव में भी कांटे की टक्कर देखी जा रही है संयुक्त सचिव प्रशासनिक पद पर शादमान अंसारी एडवोकेट चुनाव मैदान मे है दूसरी ओर इस पद पर अभिषेक बिश्नोई चुनाव मैदान मे है कुल मिलाकर 322 अधिवक्ता चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे इमरान एडवोकेट उप मंत्री पुस्तकालय पद चुनाव मैदान मे है दीक्षा चौहान कनिष्ठ कार्यकाल सदस्य पद पर चुनाव लड़ रही है अमि चंद्रा रवि एडवोकेट वरिष्ठ कार्य करणी सदस्य पद पर चुनाव लड़ रहे हैं आशुतोष शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ रहे वरिष्ठ कार्यकारणीय सदस्य मोहम्मद शफीक एडवोकेट चुनाव मैदान में है समीर जोशी एडवोकेट कनिष्क कार्यकारी सदस्य के पद पर चुनाव लड़ रहे हैं मुनव्वर अली एडवोकेट कनिष्क कार्यकाल सदस्य का चुनाव लड़ रहे है देवेंद्र कुमार एडवोकेट उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे हैं और और भी प्रत्याशी कार्यकारिणी का चुनाव मजबूती के साथ लड़ रहे हैंअध्यक्ष पद के चुनाव में कांटे की टक्कर देखी जा रही है अब देखना है 9 अप्रैल को अध्यक्ष पद का ताज किसके सर पर बाँधा जाएगा।

# डॉन सर्विस से रोशन हुआ शहर, जी उठे मसीह के संदेश में डूबा इंग्लिश मेथोडिस्ट चर्च, गूंजे स्तुति गीत

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** पुनरुत्थान का संदेश, उम्मीद की लौ और आस्था का सैलाब। ईस्टर के पावन मौके पर रविवार सुबह बरेली का इंग्लिश मेथोडिस्ट चर्च आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। सूरज की पहली किरण के साथ हुई डॉन सर्विस ने यह संदेश दिया कि प्रभु यीशु मसीह ने मृत्यु को पराजित कर मानवता को नया जीवन दिया है।

सुबह-सुबह चर्च परिसर में विशेष डॉन सर्विस (र४ल्ल१ री ढ१ंटी१) आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। यह प्रार्थना प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने का जीवंत प्रतीक मानी जाती है। जैसे ही सूरज उगा, चर्च में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण और भी प्रगाढ़ हो गया।

स्तुति गीतों से गूंजा चर्च, हर दिल में जागी श्रद्धा

डॉन सर्विस के बाद आयोजित विशेष ईस्टर आराधना में बच्चे, युवा और वरिष्ठ सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चर्च में गूंजते स्तुति गीतों और भजनों ने माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। गीतों का संचालन राजीव पॉल ने किया, जबकि श्रद्धालु प्रभु की महिमा गाते हुए पुनरुत्थान के संदेश में डूबे नजर आए।

पुनर्जीवन का संदेश, पादरी ने वचन से समझाया ईस्टर का महत्व

चर्च के पादरी शिव चन्द ने अपने संदेश में प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने की महत्ता को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ईस्टर केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के जीवन में नई शुरूआत और आशा का प्रतीक है। मसीही जीवन में पुनर्जीवन का यह संदेश हर कठिनाई पर विजय पाने की प्रेरणा देता है।

बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुति ने जीता दिल

ईस्टर के अवसर पर चर्च के बच्चों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे चित्रों और ईस्टर गार्डन के सुंदर प्रतिरूपों के माध्यम से उन्होंने प्रभु की सेवा और पुनरुत्थान के संदेश को जीवंत रूप दिया, जिसे देखकर सभी श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। ईस्टर आराधना के संचालन में प्रतिभा, डार्विन, एस्थर, सौरभ, अभिषेक और अजय का विशेष योगदान रहा। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल और यादगार बनाया।

# बड़ा बाइपास पर भीषण हादसा: खड़े टैंकर से टकराई बोलेरो, पीछे से बाइक भिड़ी, पांच की मौत, बच्चों समेत तीन घायल

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र में रविवार शाम बड़ा बाइपास पर दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है।

**टैंकर से टकराई बोलेरो, पीछे से बाइक घुसी**

परधौली तिराहे के पास सड़क किनारे खड़े एक टैंकर में शाम करीब साढ़े चार से पांच बजे के बीच रामपुर की ओर जा रही बोलेरो कार पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक बाइक भी बोलेरो में जा घुसी, जिससे हादसा और भयावह हो गया।

**मौके पर मची चीख-पुकार, पांच की गई जान**

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने बाइक सवार दो युवकों और बोलेरो में सवार तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान, घायलों में बच्चे भी शामिल

बाइक सवार मृतकों की पहचान सीबीगंज के अटा कायस्थान निवासी मुमताज और शहजाद के रूप में हुई है। वहीं बोलेरो सवार मृतकों में फरीदपुर निवासी मनमोहन और बीसलपुर (पीलीभीत) निवासी दुर्गेश शामिल हैं। एक मृतक की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। हादसे में घायल तीन लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं।

**पहले से खड़ा था दुर्घटनाग्रस्त टैंकर**

स्थानीय लोगों के मुताबिक, शनिवार को इसी स्थान पर शीरे से भरे टैंकर और रोडवेज बस की टक्कर हुई थी। इसके बाद से क्षतिग्रस्त टैंकर सड़क किनारे खड़ा था। आशंका है कि उसी टैंकर के कारण यह दूसरा बड़ा हादसा हुआ।

**जांच में जुटी पुलिस, एसपी सिटी ने दी जानकारी**

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है और घायलों का इलाज कराया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

# योगी सरकार में बढ़ी गोहत्या... बरेली में शंकराचार्य का बड़ा बयान, बोले- हस्ताक्षर से चल रहे बूचड़खाने

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** रविवार सुबह शहर में उस वक्त सियासी और धार्मिक हलचल तेज हो गई, जब शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रेसवार्ता में योगी सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोहत्या के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जबकि लोगों को उम्मीद थी कि सरकार बनने के बाद इसमें कमी आएगी।

हस्ताक्षर से चल रहे बूचड़खाने, गोमांस खुलेआम बिक रहा

शंकराचार्य ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर से प्रदेश में बूचड़खाने संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी बाजारों में गोमांस खुलेआम बिक रहा है, जो उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के लिए शर्मनाक स्थिति है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार ने गोहत्या रोकने का वादा किया था, तो जमीनी स्तर पर कार्रवाई क्यों नहीं दिख रही।

संत समाज राजनीति के लिए नहीं, लोक कल्याण के लिए

प्रेसवार्ता में उन्होंने स्पष्ट कहा कि संत समाज का काम समाज का कल्याण करना है, न कि राजनीति में सक्रिय होना। उन्होंने कहा कि धर्म और राजनीति की शपथ अलग-अलग होती हैं और एक संन्यासी दोनों भूमिकाएं एक साथ नहीं निभा सकता।

चुनाव से पहले साधु समाज का संदेश

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने साफ संदेश दिया कि जनता को वही सरकार चुननी चाहिए जो प्रदेश में गोहत्या पर पूरी तरह रोक लगाने की क्षमता और इच्छाशक्ति रखती हो। उन्होंने कहा कि सनातन प्रेमियों को इस मुद्दे पर सजग रहना होगा।

1 मई से शुरू होगा विधानसभा भ्रमण

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने ऐलान किया कि वह 1 मई से प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इस दौरान लोगों को जागरूक किया जाएगा और बताया जाएगा कि किस तरह की सरकार प्रदेश और धर्महित में जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरी तरह जागरूकता के लिए होगा, ताकि लोग सही निर्णय लेकर प्रदेश का भविष्य तय कर सकें।

# बरेली अपर जिला जज तबरेज अहमद व ज्ञानेंद्र त्रिपाठी समेत 50 से ज्यादा न्यायिक अधिकारियों का ट्रांसफर, जाने किसे कहां मिली तैनाती

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** हाईकोर्ट ने न्यायिक व्यवस्था में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल करते हुए बरेली बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में 50 से अधिक जजों के तबादले कर दिए हैं। बरेली एडीजे तबरेज अहमद और ज्ञानेंद्र त्रिपाठी सहित कई महत्वपूर्ण नाम शामिल हैं।

बरेली की अपर जिला जज केएम अफशां (हमीरपुर), कुमार मयंक (प्रयागराज), तबरेज अहमद (बुलंदशहर), ज्ञानेंद्र त्रिपाठी (हरदोई) और देवाशीष को (झांसी) स्थानांतरित किया गया है। सिविल जज जूनियर डिवीजन में मंजुला मिश्रा (कन्नौज), रेखा रावत (एटा), अरुण कुमार पांडेय (बलिया) और शिखर अग्रवाल (मेरठ) भेजे गए हैं।

सिविल जज सीनियर डिवीजन में अलका पांडेय (श्रावस्ती), पारस यादव (देवरिया) और श्वेता तिवारी (फरुर्खाबाद) का भी तबादला हुआ है।

नई तैनाती में संतोष कुमार यादव, संदीपा यादव, नम्रता अग्रवाल, योगेश कुमार चौधरी और अरुण गौतम को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सुनील कुमार त्रिपाठी को सीनियर डिवीजन में बरेली भेजा गया है।

**बदायूं: कई न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण**

बदायूं से सौरभ सक्सेना (श्रावस्ती), मिर्जा जीनत (सहारनपुर) और शिव कुमारी (मुजफ्फरनगर) को भेजा गया है।

जूनियर डिवीजन में राखी भदौरिया (ललितपुर), रोहिणी उपाध्याय (बुलंदशहर), सौम्या अरुण (कानपुर नगर), पिंकी वर्मा (लखीमपुर खीरी) और गरिमा सिंह (सीतापुर) का तबादला किया गया।

सीनियर डिवीजन में कोमल श्रीवास्तव (अलीगढ़) और पंकज कुमार पांडेय (बलिया) भी स्थानांतरित किए गए हैं।

नई तैनाती में मोहम्मद कुमार (जालौन), नीलांजना (कानपुर नगर) और सागर तयाल (फिरोजाबाद) को जिम्मेदारी दी गई है।

पीलीभीतः पांच जजों का स्थानांतरण, तीन की नई तैनाती

पीलीभीत से विजय कुमार डुंगराकोटी (मैनपुरी), महेशानंद झा (मुजफ्फरनगर), गीता सिंह (चित्रकूट), छंगूर राम (मऊ) और अतीफ शमीम (प्रतापगढ़) को स्थानांतरित किया गया है। यहां विजय कुमार हिमांशु (गौतम बुद्ध नगर), महेंद्र श्रीवास्तव (हाथरस) और शिखा प्रधान (कासगंज) की तैनाती की गई है।

शाहजहांपुरः बड़े पैमाने पर अदला-बदली

शाहजहांपुर से सुदीप कुमार जायसवाल (सीतापुर), गरिमा सिंह-क व मनोज कुमार सिद्धू (मुजफ्फरनगर), अभय प्रताप सिंह-क, अनुराधा पुंडीर व पंकज कुमार श्रीवास्तव (प्रयागराज) को भेजा गया है। इसके अलावा ओम प्रकाश मिश्रा-क्कक (आजमगढ़), लवी यादव (हमीरपुर) और नरेंद्र नाथ पांडेय (कौशांबी) का भी स्थानांतरण हुआ है।

जूनियर डिवीजन में अभिषेक कुमार-क (बागपत), वर्तिका पटेल (सीतापुर), अवंतिका त्रिपाठी (बहराइच), निधि माधव कुरिल (गाजियाबाद) और सौरभि पाठक (प्रयागराज) को भेजा गया है।

नई तैनाती में प्रेम शंकर, प्रियंका सिंह-क, कुमार मिताक्षर, अर्चना यादव, सुलोचना वर्मा और अपेक्षा सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# खेत से लौटते युवक पर फायरिंग, पड़ोस में खड़ी महिला के माथे में धंसी गोली, हालत नाजुक

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के पूरनापुर गांव में रविवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब पुरानी रंजिश में चली गोली एक महिला के माथे में जा लगी। गंभीर हालत में घायल महिला को दोहरा रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

घायल पक्ष के विनोद उर्फ बंटू ने बताया कि गांव के अमित, सुमित और कुनाल ने शनिवार को उसके घर में घुसकर उसकी मां शिव देवी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। इस घटना के बाद उसकी मां ने थाना बिथरी चैनपुर में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

खेत से लौटते समय हमला, जमीन पर गिराकर पीटा

रविवार सुबह करीब 8:45 बजे विनोद खेत से वापस लौट रहा था, तभी रास्ते में अमित और सुमित ने उसे घेर लिया। आरोप है कि दोनों ने उसे जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा। किसी तरह वह जान बचाकर भागा। विनोद के मुताबिक, जब वह भाग रहा था तभी अमित ने तमंचा निकालकर फायर कर दिया। वह तो बच गया, लेकिन पास में खड़ी महिला गीता के माथे में गोली जा लगी। गोली लगते ही महिला लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई।

मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

# आरसीबी-सीएसके की बेंगलुरु में होगी भिड़ंत




एजेंसी ■ बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 11वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच रविवार, 05 अप्रैल को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में खेला जाएगा। ये मुकाबला भारतीय समय अनुसार शाम 07:30 बजे से शुरू होगा।

गौरतलब है कि इन दोनों ही टीमों के बीच पिछले आईपीएल सीजन दो मुकाबले हुए थे जो कि दोनों ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने जीतकर अपने नाम किए थे। बात करें अगर इनके बीच हुए आखिरी मुकाबले की तो वो बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही खेला गया था और इसे ऋष्क्र ने 213 रनों का स्कोर डिफेंड करके रोमांचक अंदाज़ में 2 विकेट से जीता था। इस मुकाबले में मेजबान टीम के लिए विराट कोहली, जैकब बेथेल और रोमारियो शेफर्ड ने अर्धशतकीय पारी खेली थी।

**टोनों टीमें**

- **आरसीबी-** फिल साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जैकब डफी। इम्पैक्ट प्लेयर- अभिनंदन सिंह।
- **सीएसके-** संजू सैमसन (विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), आयुष म्हात्रे, शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, प्रशांत वीर, नूर अहमद, अंशुल कंबोज, मैट हेनरी, खलील अहमद। इम्पैक्ट प्लेयर: राहुल चाहर।

आईपीएल 2026 का 11वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के होम ग्राउंड एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा जहां टॉस जीतने वाली टीम रन चेज करना थोड़ा ज्यादा पसंद करती है। इस मैदान पर मौजूदा सीजन में अब तक सिर्फ एक मुकाबला खेला गया है जो कि आरसीबी की टीम ने सिर्फ 15.4 ओवर में 202 रनों का लक्ष्य हासिल करके सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराया था। अबतक आईपीएल में बेंगलुरु और चेन्नई के बीच कुल 35 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें चेन्नई का पलड़ा भारी है। चेन्नई ने 21 और बेंगलुरु ने 13 मैच जीते हैं। एक मैच बेनतीजा रहा।




## सऊदी प्रो लीग में रोनाल्डो ने किए दो गोल

एजेंसी ■ रियाद

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक महीने की चोट के बाद वापसी करते हुए दो गोल किए, जिससे अल-नासर ने सऊदी प्रो लीग में सबसे नीचे चल रही टीम अल-नजमा को हरा दिया।

41 साल के पुर्तगाली फॉरवर्ड ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जिससे इस सीजन में अपने क्लब के लिए उतने ही लीग मैचों में उनके कुल गोलों की संख्या 23 हो गई। रोनाल्डो को फरवरी के आखिर में हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और पिछले महीने जब पता चला कि चोट शुरू में सोची गई चोट से ज़्यादा गंभीर है, तो वह इलाज के लिए स्पेन चले गए थे।

# न्यूज़ीलैंड ने द. अफ्रीका को हराकर जीती सीरीज

एजेंसी ■ बेसिन रिजर्व




न्यूजीलैंड ने शनिवार को वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेले गए तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 66 रनों से हराकर महिला वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

मैडी ग्रीन के शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए वापसी की, जब टीम का स्कोर 3 विकेट पर सिर्फ 3 रन था। इस पतन की शुरुआत टुमी सेखुखुने ने की, जिन्होंने सूजी बेट्स और अमेलिया केर, दोनों को आउट किया, जबकि अयांडा ह्लुबी ने जॉर्जिया प्लिमर को पवेलियन भेजा। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई, क्योंकि ग्रीन और ब्रुक हॉलिडे के बीच 211 रनों की विशाल साझेदारी की बदौलत न्यूज़ीलैंड ने मैच में वापसी कर ली। ग्रीन 141 रनों पर नाबाद रहीं, जबकि हॉलिडे अपने शतक से सिर्फ दो रन पीछे रह गईं, इस तरह न्यूजीलैंड ने 7 विकेट खोकर 306 रन का स्कोर खड़ा किया।

जवाब में, दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरुआत की और उसके ओपनरों ने मिलकर 68 रनों की साझेदारी की। इसके बाद कप्तान लॉरा वोल्वार्ट और एनेरी डर्कसेन के बीच 77 रनों की एक और साझेदारी हुई, जिसने प्रोटियाज़ को मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखने में मदद की। हालांकि, 26वें ओवर में वोल्वार्ट के आउट होते ही दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई और रोजमेरी मेयर की शानदार गेंदबाजी के चलते (50 रन पर पांच विकेट) दक्षिण अफ्रीका की टीम 240 रन पर ऑल आउट हो गई।

## 17वीं एशियन लॉन बाउल्स चैंपियनशिप आज से

एजेंसी ■ नई दिल्ली

बॉलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया गर्व के साथ 17वीं एशियन लॉन बाउल्स चैंपियनशिप के साथ-साथ 15वीं अंडर-25 एशियन लॉन बाउल्स चैंपियनशिप 2026 की मेज़बानी की घोषणा करता है। यह आयोजन 5 से 12 अप्रैल 2026 तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर.के. पुरम में होना तय है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन पूरे एशिया के शीर्ष लॉन बाउल्स एथलीटों को एक साथ लाएगा, जिसमें मलेशिया, सिंगापुर, फिलीपींस, हांगकांग, श्रीलंका, जापान और भारत के प्रतिभागी शामिल होंगे। चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, साथ ही भाग लेने वाले देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सौहार्द और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

## इंटरनेशनल सीरीज जापान में कोचर संयुक्त चौथे स्थान पर

**चिबा (जापान)।** भारत के करनदीप कोचर को शनिवार को कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज जापान के तीसरे राउंड के बाद संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंचने के लिए अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी और कड़ा संघर्ष करना पड़ा। लगातार दो बोगी-मुक्त राउंड खेलने के बाद, इस भारतीय खिलाड़ी के लिए तीसरा राउंड मिला-जुला रहा, जिसमें 5 बोगियों ने उनकी 3 बर्डियों को बेअसर कर दिया, जिससे उनका राउंड स्कोर 2-ओवर 73 रहा। उनका मौजूदा स्कोर 8-अंडर 205 है, जिसका मतलब है कि वह लीडर्स जापान के शुगो इमाहिरा और कोरिया के होंगटेक किम से दो शॉट पीछे हैं, ये दोनों ही इंटरनेशनल सीरीज के इस सीजन-ओपनर में 10-अंडर 203 के स्कोर पर हैं।

# मिशन शक्ति के तहत गांव में लगाई चौपाल

**दैनिक बुलंद मंज़िल / साकिब अली/ऐचौड़ा कम्बोह**

